अधिकतम : 32°C
न्यूनतम : 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, बुधवार 3 जून 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 16 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




महबूबा ने की जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा प्रतिनिधिमंडल भेजने की अपील पेज 2



आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का खेल टाइम्स



टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था सम्पादकीय



लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फटकार लगाई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किए गए पांच नए न्यायाधीशों ने मंगलवार को पद की शपथ ले ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्रीचंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा पिछले महीने की गई सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की थी।

### कर्नाटक में मंत्री पदों को दौड़ हुई तेज, 40 MLA पहुंचे दिल्ली

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक मंत्रिमंडल में महज उपलब्ध दस मंत्री पदों की होड़ में शामिल कांग्रेस के चालीस विधायकों ने नई दिल्ली को राज्य की राजनीति का मुख्य केंद्र बना दिया है। इस कारण बुधवार को मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लॉबिंग और उच्च स्तरीय विचार-विमर्श का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना हालांकि अभी बाकी है। ऐसे में 40 से अधिक विधायक नई सरकार में शामिल होने का दावा ठोंकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। दावेदारों की इस भारी भीड़ ने मंत्रिमंडल गठन की कवायद को पेचीदा बना दिया है।

### NHRC ने 53 गर्भवती महिलाओं की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के सिंधी जिले में चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के अभाव के कारण एक वर्ष के भीतर 53 गर्भवती महिलाओं की मौत होने की खबर का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने मामले को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच सिंधी जिले में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद कुल 53 महिलाओं की मौत हुई।

### प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है।



नई दिल्ली: आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सऊदी अरब से लौटने वाली पहली उड़ान से आए एक हज यात्री का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु।

# वेदांता समूह के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में मंगलवार को अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह के परिसरों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी वेदांता द्वारा अपनी मुख्य कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान की जांच के सिलसिले में समूह के मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की जा रही है। इस मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने कहा कि हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि यह मामला अभी नियामक प्रक्रिया के अधीन है, इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अपने कारोबार को चार नई सूचीबद्ध कंपनियों में बांटने (डी मर्जर) की प्रक्रिया में जुटी है। कंपनी को इस बंटवारे की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विनियामक मंजूरियां भी मिल चुकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की रिपोर्टों के बाद वेदांता के शेयरों पर बिकवाली का दबाव देखा गया और वे घाटे में चले गए।



■ फेमा के उल्लंघन का आरोप

### सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क की जांच के सिलसिले में चार शहरों में छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित अंतर्राष्ट्रीय संगठित नशीले पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत जारी जांच के सिलसिले में मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट में 20 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

## ओएसएम विवाद के बाद सरकार का एक्शन

# CBSE चेयरमैन और सचिव का किया तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन व सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्तकिया गया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी।

जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सौंपने के निर्देश दिए हैं।



**ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी जांच, लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया**

### सीबीएसई: री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे। बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए।

**दो मिनट में आए 15 लाख हिट, अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

# सलमान खान ने 'काला हिरण' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1998 के काले हिरण (ब्लैक बक) के शिकार के मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसके प्रचार-प्रसार से जुड़ी सभी गतिविधियों को रोकने की मांग की है। सलमान खान के कानूनी प्रतिनिधियों ने फिल्म के कास्टिंग निदेशक अक्षय पांडे को जारी किए गए नोटिस में यह तर्क दिया गया है कि यह प्रोजेक्ट काले हिरण मामले से जुड़ी चल रही न्यायिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और अभिनेता की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकता है। नोटिस के अनुसार, ब्लैक बक मामला अभी भी राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित है। इस मामले का कोई भी नाटकीय या सनसनीखेज चित्रण सलमान खान के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार को कमजोर कर सकता है। कानूनी टीम ने तर्क दिया है कि फिल्म की सामग्री, विचाराधीन मामले के बारे में जनता की राय को प्रभावित करके, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खान के प्रतिनिधियों को इस फिल्म के बारे में तब पता चला, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म निर्माता अभिनेताओं से संपर्क कर रहे हैं और प्रचार सामग्री बांट रहे हैं। इस सामग्री में फिल्म की कहानी और किरदारों के रेखाचित्र शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर अभिनेता और 'ब्लैक बक मामले' का जिक्र किया गया था। सलमान खान की कानूनी टीम ने यह साफ किया है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने नाम, व्यक्तित्व, शक्ल या उनसे जुड़ी किसी भी घटना के इस्तेमाल की न तो इजाजत दी है और न ही सहमति दी है। वहीं, फिल्म निर्माता अमित जानी ने इस लीगल नोटिस को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया है और इस बात से इन्कार किया है कि 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगेसी' सलमान खान पर बनी कोई बायोपिक फिल्म है। श्री जानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी अभिनेता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक कहानी है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटनाओं और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बिश्नोई समुदाय की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि नोटिस मिलने के बाद वे इस प्रोजेक्ट में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।



■ आरोप लगाया: फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है।

■ राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत

# सुवेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया।

टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। सीएम ममता ने कहा कि भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।



■ टीएमसी प्रमुख बोलीं: भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली, कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस

# नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है।

उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है, क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

■ दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका

■ कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी: जायसवाल

### विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी। नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

# मैं सुष्मिता के खर्च पर पलने वाला बॉयफ्रेंड था: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** 2022 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के अफेयर की खबरें आईं, तो दुनिया ने सुष्मिता को न जाने कितने गंदे ताने दिए थे, लेकिन मंगलवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया है।

खुद ललित मोदी ने इस राज पर से ऐसा पर्दा उठाया है कि ट्रोलर्स के मुंह पर ताला लग गया है। ललित मोदी ने साफ कह दिया है कि भाई साहब, सुष्मिता मेरे पैसों पर नहीं पल रही थीं, बल्कि कहानी तो एकदम उल्टी थी। ललित मोदी ने ये भी खुलासा किया कि वे एक्ट्रेस के खर्चे पर पलने वाले बायफ्रेंड थे। दरअसल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में हुई बातचीत में ललित मोदी ने सुष्मिता को अपनी लाइफ के सबसे जरूरी लोगों में से एक बताया और खुलासा किया कि उनके ब्रेकअप में दूरी ने अहम भूमिका निभाई थी। लंदन में रहने वाले इस कारोबारी के अनुसार, दोनों के बीच कोई ड्रामैटिक ब्रेकअप नहीं हुआ था। बल्कि, धीरे-धीरे दोनों की जिंदगी अलग-अलग डायरेक्शन में आगे बढ़ गई थी, सुष्मिता भारत में बस गईं और वह लंदन में रहने लगे थे। अपने रिश्ते को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सुष्मिता मेरे लिए बहुत खास थीं। उन्होंने मुझे कई मायनों में मैच्योर होने में मदद की और वह बेहद खास थीं, उस समय वह मेरी लाइफ का एक अहम हिस्सा थीं और आगे भी होतीं, बस दूरियां हमारे लिए बहुत ज्यादा थीं। उनका करियर भारत में था, और मेरी लाइफ लंदन में। लेकिन हमारा रिश्ता बहुत ही खास था और उनकी प्यारी यादें मेरे दिल में बसी हैं। वह आज भी मेरी बहुत प्यारी दोस्त हैं। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक वंडरफुल महिला हैं और उन्होंने रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों के लिए जो कुछ किया है, वह वाकई सराहनीय है। वह एक बहुत ही खास महिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता बहुत खास हैं, और एक सिंगल मदर होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।



■ आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी ने किया खुलासा

■ एक्ट्रेस संग ब्रेकअप की वजह भी बताई

## संक्षिप्त समाचार

### जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत सरचार्ज पर रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जून महीने के बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। विद्युत नियामक आयोग ने इस मामले में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कुछ दिन पहले यूपीपीसीएल ने जून के बिजली बिलों में 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया था। हालांकि आयोग का कहना है कि ये सरचार्ज नियमों के अनुरूप नहीं है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 3 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और जून के बिलों में अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### 2027 में भी साथ होगी राहुल और अखिलेश की जोड़ी!

**लखनऊ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनावों के लिए सपा और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन पर मंथन जारी है। माना जा रहा है कि सपा कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकती है। इसके लिए एक सर्वे कराया जा रहा है, जिसकी निगरानी अखिलेश यादव खुद कर रहे हैं। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों में आंतरिक मतभेद भी सामने आ रहे हैं। डील फाइनल करने से पहले सपा ने अपनी पार्टी में रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक आलोक रंजन ने अपनी सर्वे रिपोर्ट सपा सुप्रीमो को सौंप भी दी है। इसमें उन्होंने गठबंधन के तहत कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है। सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए जो फार्मूला तय किया है, उसके लिए सबसे पहले संभावित उम्मीदवारों की जमीनी पकड़ मजबूत होने की बात कही गई है।

# यूपी में पांच दिन फिर बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। पिछले दिनों सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में आंधी पानी और ओले गिरने का सिलसिला कम होगा। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और आने वाले 5-6 दिनों तक कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज रफ्तार हवा चल सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम ड्राई रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी दो-तीन दिन बाद कुछ स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश और आंधी चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश की तीव्रता में आने वाले दिनों में कमी आएगी, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। बीच-बीच में बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में हल्की बारिश के कारण 6-7 दिनों तक हीट वेव कंडीशन से प्रदेशवासियों को राहत मिली रहेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश संभल जिले में 34.7 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई, इसके अलावा मुरादाबाद में 19.2 मिलीमीटर, बुलंदशहर 10.8 मिलीमीटर, इटावा 8.8 मिलीमीटर, अमरोहा 7.8 मिमी, लखनऊ 7.4 मिमी, कन्नौज 7.4 मिलीमीटर, हरदोई 10.01 मिमी, बलिया 9.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बादलों की आवाजाही रहेगी, कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।



**■ बारिश में भीग गए नौतपा, फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, गरज चमक के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी, तापमान में होगी गिरावट**

अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सोमवार को उत्तर प्रदेश का फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई जिले में 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम है।

# खिलाड़ी की हत्या के दोषियों पर हो कार्रवाई

## मायावती-अखिलेश ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की चर्चित राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल मर्डर केस को लेकर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

बसपा चीफ मायावती ने इस मामले को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर इसे अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया.।वहीं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ को घेरा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि यह वारदात समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने इस मामले के सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने लिखा, यूपी के जिला मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी की लगभग 17 वर्षीय बेटी एंव राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की बदमाशों द्वारा की गई हत्या की खबर अत्यंत दुखद एंव चिंताजनक है। सरकार इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुन. रावृति न हो। वहीं कन्नौज सांसद ने लिखा कि पश्चिमी उप्र में एशियन गेम्स में चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्या चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या, उप्र की कानून व्यवस्था के ठप होने का प्रतीक है। गृह नामक कोई मंत्रालय यूपी में है क्या या अपराधियों के दुस्साहस को देखकर अंडरग्राउंड हो गया है।



**■ कबड्डी खिलाड़ी की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है: बसपा**



**■ उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ठप, रोज हो रही हैं हत्याएं: सपा**

# जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा शिष्ट मंडल भेजा जाए

**श्रीनगर, वार्ता**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में शांति और नए सिरे से संवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क साधने का आह्वान किया है।

सुश्री महबूबा ने एक जून को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाजपा नेता एवं विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और कई अन्य राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं को संबोधित अलग-अलग पत्रों में कहा कि जम्मू-कश्मीर खुद को एक बार फिर इतिहास के उस चौराहे पर खड़ा पा रहा है, जहां निराशा और मोहभंग की व्यापक भावना ने राज्य को जकड़ लिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पर निरंतर संवाद फिर से शुरू करने के लिए मोदी और गृह मंत्री शाह के पास एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजने की वकालत की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं, शिकायतों और चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त करने के लिए एक सामूहिक एवं समन्वित आवाज की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने कहा कि लेह सर्वोच्च निकाय और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन द्वारा केंद्र के साथ हाल ही में प्राप्त की गई सफलताएं एक महत्वपूर्ण सबक देती हैं कि केवल संवाद से ही सार्थक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, फाजिलनगर का नाम पावागढ़ होगा

# यूपी में माफिया-मच्छर दोनों खत्म: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए पिछली सरकारों की सत्ता को जंगल राज बताया और कहा कि पहले यहां न बिजली थी और न पानी। हमने मच्छर और माफिया दोनों को खत्म किया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। इस दौरान उन्होंने फाजिलनगर का नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा।

उन्होंने कहा कि पहले यूपी में जंगल पार्टी का आंतक था। कुशीनगर में 9 साल पहले भूख से मौत होती थी। पिछली सरकारों के पाप से गरीब भूख से मर रहा था। आम जनता माफिया से परेशान थी। यूपी के अंदर कोई सुविधा नहीं थी। बाहर पहचान का संकट था। सीएम योगी ने कहा कि फाजिलनगर का नाम बदला जाएगा, इसका का नाम पावागढ़ होगा। हम फाजिल क्यों कहें? सीएम ने कहा कि मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है, तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। उन्होंने कहा कि हर सरकार का अपना एक विजन होता है। 2022 से पहले कोई भी विकास के बारे में नहीं सोचता था। यहां तमकुही राज को महज मजाक का पात्र बनाकर रख दिया गया था। मगर आज मैं यह कह सकता हूं कि तमकुही राज के अंतर्गत स्थानीय विधायक पूरी लगन से काम करते हैं, विभिन्न योजनाएं लेकर आते हैं और सांसद भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विधायक और सांसद मिलकर काम करते हैं, ताकि आपकी मांगों को जमीनी हकीकत में बदला जा सके। इसके अलावा हमने अब फाजिलनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। अब इसे फाजिलनगर के नाम से नहीं जाना जाएगा, बल्कि हम इसे भगवान महावीर को श्रद्धांजलि के रूप में 'पावागढ़' के तौर पर एक नई पहचान देने जा रहे हैं।



**■ समाजवादी पार्टी पर बोला जमकर हमला, मच्छर बीमारी लाता है, तो माफिया बेरोजगारी**

### हर जरूरतमंद को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पघई, विवाह से लेकर निराश्रित, बुजुर्ग के पेंशन तक समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74649.84
निफ्टी 23483.55



सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 266000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी उतार चढ़ाव के बाद मुखय सूचकांक बढ़त में रहे

**मुंबई, वार्ता**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन से प्रमुख सूचकांक में तेजी दर्ज की गयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का संसेक्स 382.50 अंक (0.52 प्रतिशत) चढ़ कर 74,649.84 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.95 अंक (0.43 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,483.55 पर रहा।

बीएसई का 30 संसेक्स सुबह बड़ी गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 74,862.19 तथा नीचे में 73,815.12 तक गिरने के बाद अंत में 74,649.84 पर बंद हुआ। जबकि कल संसेक्स 74,267.34 पर बंद हुआ था। संसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ में और दस गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में आईटी कंपनी टीसीएस 6.53 प्रतिशत, इन्फोसिस 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक 4.08 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट का शेयर 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा। टाइटन, ट्रेन्ट, आईटीसी, इटरनल और एशियन पेंट्स में भी एक प्रतिशत से अधिक तक की बढ़त दर्ज की गई। एसबीआई, इंडिगो, बीईएल और टाटा स्टील भी मुनाफे में बंद हुए। इसके विपरीत एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस जैसे शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी । पहले सत्र की गिरावट के बाद बाजार ने सत्र के दूसरे भाग में तेजी से वापसी की। विश्लेषकों के अनुसार यह वापसी मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और आईटी शेयरों में मजबूत खरीदारी की दिलचस्पी के कारण हुई। बजाज ब्रोकिंग के अनुसार हालांकि दुनिया के विभिन्न इलाकों में भू.राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है।



# चांदी और सोना की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# नैनीताल की झीलों-तालाबों पर अवैध कब्जों की अब खैर नहीं

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल और आसपास की झीलों, तालाबों और प्राकृतिक जल स्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए अब बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने नैनीताल क्लब में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों की गहन समीक्षा की। बैठक में कचरा प्रबंधन, सीवेज निस्तारण, जल प्रदूषण, झीलों और नदियों के संरक्षण, अवैध खनन नियंत्रण तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. अफरोज अहमद ने स्पष्ट किया कि जिले में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य अपेक्षाकृत देर से शुरू हुआ हो, लेकिन अब इसमें तेजी लाई जा रही है। आने वाले समय में नैनीताल जिले को हजीरो वेस्ट मैनेजमेंटह मॉडल की ओर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पर्यावरणीय चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि झीलों और नदियों की सुरक्षा केवल जल संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। इसके लिए प्राकृतिक ड्रेनों, जल निकासी मार्गों और जल स्रोतों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमीरपुर सेतु दुर्घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

**हमीरपुर।** हमीरपुर सेतु दुर्घटना की जांच के लिए दो उच्चस्तरीय समितियां गठित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान पी-5 से पी-6 गिरने की घटना को लेकर के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा दो अलग-अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियों ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति घटना से संबंधित सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है, जांच के दौरान मिले तथ्यों, साक्ष्यों और दोनों जांच समितियों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली आख्या के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तय की जाएगी। घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। दिवंगत राजेश पाल की पत्नी अनीता एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना दी गई है, वहीं दिवंगत पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि दिवंगत राजेश पाल की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा, जिसके तहत दोनों बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**■ जांच के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित**

# एसबीआई शाखा प्रबंधक रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के डुमरिया में तैनात एसबीआई के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने मंगलवार को यहां बताया कि 31 मई को इस आरोप में मामला दर्ज किया गया कि आरोपी रोहित कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता की दिवंगत मां से संबंधित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के दावे का निपटान करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता की मां के बैंक खाते को शिकायतकर्ता के नाम पर स्थानांतरित करने के बाद 35,000 रुपये की निकासी पर लगी रोक को हटाने के लिए अतिरिक्त 17,000 रुपये की भी मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 77,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरा. ेपी के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक को आज धनबाद की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल कीमतों पर मोदी की खामोशी अनुचित: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका वार्ता का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसमें भारत का बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को उचित नहीं कहा जा सकता है।

पार्टी का कहना है कि यदि वार्ता सफल होती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए बात. चीत चल रही है, लेकिन इस बीच इजरायल की लेबनान में जारी सैन्य कार्रवाई के कारण किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर नाराजगी जता चुके हैं और दुनिया के कई अन्य देश भी लेबनान में इजरायली अभियान की आलोचना कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि ऐसे समय में जब इजरायल की कार्रवाई संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को प्रभावित कर सकती है मोदी ने इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है, जबकि इस पूरे घटनाक्रम का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों पर पड़ सकता है।

**■ अमेरिका-ईरान वार्ता का प्रभाव भारत पर पड़ रहा**

### ओडिशा बॉक्साइट खनन अनियमितताओं की जांच करे केंद्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा में बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने खनन परियोजनाओं से जुड़े वन अधिकार कानून, 2006 के कथित उल्लंघन, वन भूमि के उपयोग तथा ग्राम सभा की स्वीकृतियों में कथित अनियमितताओं के आरोपों को गंभीर बताते हुए उनकी व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के कोरापुट जिले में बॉक्साइट खनन के लिए दी गई स्वीकृतियों को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है।

# कलयुगी पिता ने दांतों से चबा डाली बेटे की नाक

## नशे में चूर होकर दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नशे में धुत्त बाप ने बेटे की नाक को दांतों से काट लिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है। जहाँ एक पिता ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। मामला तब तूल पकड़ गया जब एक कलयुगी पिता ने मामूली कहासुनी के बाद अपने ही सगे बेटे की नाक को दांतों से काटकर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। पीड़ित बेटे का आरोप है कि उसका पिता अक्सर शराब के नशे में धुत होकर घर में गाली-गलौज और मारपीट करता है। बीती रात भी नशे की हालत में पिता ने जमकर हंगामा किया। जब बेटे ने बीच-बचाव करना चाहा, तो पिता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। पिता ने आव देखा न ताव और कुत्ते की तरह झपटकर बेटे की नाक को अपने दांतों से जोर से काट लिया। खून से लथपथ बेटा अपनी पत्नी के साथ बदहवास हालत में कोतवाली पहुँचा। पीड़ित ने अपनी कटी हुई नाक दिखाते हुए पिता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन इस घटना ने बाप-बेटे के पवित्र रिश्ते पर गहरा दाग लगा दिया है।

# उर्स के आखिरी दिन नूरानियत भरा रहा माहौल

## हजरत शाह अब्बन बद्रे चिश्ती का उर्स, कव्वालों ने पेश किया सूफियाना कलाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के आखिरी दिन मंगलवार को माहौल में नूरानियत का रंग भरा रहा। कई दरगाहों के सज्जादानशीन ने उर्स की महफिल में शिरकत की।

मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में दोपहर में हुई रंग की महफिल के बाद शाम में चादरशरीफ का जुलूस टीपी नगर चौराहा स्थित रोजा-ए-मुकद्दसा पहुंचा। अकीदतमंदों ने अल्लाह-हू-अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए मजार-ए-मुबारक पर चाद. रपोशी की। इसके बाद फिर शुरू हुआ कव्वाली का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नामीगिरामी कव्वालों ने शाह की शान में कलाम पेश कर समा बांध दिया। शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में मंगलवार को उर्स के पांचवें दिन की शुरुआत कुरआन ख्वानी से हुई। आखिरी दिन सज्जादा नशीन अली शाह मियां (कलियर शरीफ), डॉ.नय्यर मियां ( रदौली शरीफ), हुसैन मियां (खानकाह आरफिया प्रयागराज), बब्बू मियां ( बरेली शरीफ), हादी अजीम जाफरी ( दरगाह मियां मौज अमरोहा), सलीम फरीदी( दरगाह रजबपुर) ने उर्स में शिरकत की। वहीं, दिन निकलते ही अकीदतमंदों का शाह की खानकाह पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ कव्वाली का दौर दोपहर 3 बजे तक जारी रहा। बरेली के जीशान-फैजान, रामपुर के मास्टर मोहम्मद अहमद, जावेद साबरी व सुबहान नियाजी आदि कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किया। जिसे सुनकर अकीदतमंद झूमने पर मजबूर हो गए। लंगर के बाद खानकाह शरीफ में रंग की महफिल सजी इसके बाद शाम में चादरशरीफ का जुलूस तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए रोजा ए मुकद्दसा पर पहुंचा। चादरपोशी के बाद सज्जादा नशीन मसूद आलम रिजवी ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की व अमन-चैन की खुसूसी दुआ कराई। इसके बाद रात 10 बजे शुरू हुआ महफिल-ए-सिमा का सिल. सिला देर रात तक जारी था।

# विवाहिता के उत्पीड़न में पति समेत नौ पर रिपोर्ट

## देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गर्भवती विवाहिता ने अपने पति, ससुराल पक्ष के लोगों और रिश्तेदारों पर मारपीट, उत्पीड़न, गर्भपात कराने तथा चचेरे देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नौ नामजद आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मलोशिया निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 4 जून 2025 को गांव मलोशिया निवासी पवन कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी और अन्य रिश्तेदार उसे प्रताड़ित करने लगे। पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी तथा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता के अनुसार 20 जनवरी की रात पति व अन्य ससुरालियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके पेट में गंभीर चोटें आईं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसका अल्ट्रासाउंड कराया। जिसमें चिकित्सकों ने गर्भस्थ शिशु की मृत्यु होने की जानकारी दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के कारण उसका गर्भपात हो गया। विवाहिता ने आरोप लगाया कि 24 फरवरी को उसका चचेरा देवर कोशिंद्र उर्फ गोलू उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत करने पर ससुराल पक्ष ने उसका साथ देने के बजाय उसे ही प्रताड़ित किया। लगातार उत्पीड़न और धमकियों से परेशान होकर पीड़ित अपने मायके डिडौली पहुंची और स्वजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने थाना डिडौली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पति पवन कुमार, सास लीलावती, ससुर बाबूराम, जेठ विजयपाल, जेठानी चंचल, ननद पूजा, चचेरा ससुर लखीराम, चचेरा देवर कोशल उर्फ गोलू तथा रिश्तेदार विजयपाल सहित नौ लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुपारी किलर की निशानदेही पर मिला मौत का हथियार

## बेटे के कत्ल की साजिश का एक और सबूत, आरोपी से बरामद हुआ सूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में चर्चित दुष्यंत हत्याकांड की जांच में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी जोगेंद्र उर्फ जोली को रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सूजा बरामद कर लिया। साथ ही सुपारी की रकम में से 10 हजार 200 रुपये भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार दुष्यंत की हत्या उसके ही माता-पिता और भाई ने पांच लाख रुपये की सुपारी देकर कराई थी।

नौ मई को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर-श्यामपुर के जंगल से गुजर रही मध्य गंगा नहर में युवक का शव मिला था। सिर में सूजे से वार कर उसकी हत्या की गई थी। हालांकि थोड़ी देर बाद ही मृतक की शिनाख्त दुष्यंत निवासी गांव फरीदपुर के रूप में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 10 मई को चौंकाने वाला राजफाश किया था। बकौल पुलिस दुष्यंत की हत्या उसके पिता पीतम, भाई संकित व मां भूरी देवी ने 55 हजार रुपये की सुपारी देकर जोगेंद्र उर्फ जोली निवासी गांव ढेला नंगला से कराई थी। पांच लाख रुपये में उन्होंने बेटे की हत्या का सौदा किया था। जेवर बेच कर 55 हजार रुपये लाकर जोगेंद्र को दे दिए थे। जबकि शेष पैसे हत्या के बाद देना तय हुआ था। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने हत्या का कारण दुष्यंत की हरकतों से परेशान होना बताया था। पुलिस ने 10 मई को पिता पीतम सिंह व भाई संकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि 17 मई को मां भूरी देवी ने अदालत में समर्पण कर दिया था। उसके बाद 19 मई को मुख्य आरोपित जोगेंद्र उर्फ जोली ने बिजनौर की अदालत में समर्पण किया था। जोगेंद्र के समर्पण करने के कारण पुलिस आला कत्ल बरामद नहीं कर सकी थी। लिहाजा मंगलवार को उसे रिमांड पर लाया गया था। इस क्रम में मंगलवार दोपहर पुलिस ने जोगेंद्र की निशानदेही पर घटना स्थल से सौ मीटर दूर पड़ा हत्या में प्रयुक्त सूजा बरामद कर लिया। जबकि उसके घर से फिरौती के एडवांस के रूप में लिए गए 55 हजार रुपये में से 10 हजार 200 रुपये भी बरामद किए हैं।

# हाईटेंशन करंट से पांच बकरियों की मौत

## मासूम बच्चों की बाल-बाल बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक गरीब परिवार पर भारी पड़ गई।

दीपपुर गेट के समीप घास चर रही पांच बकरियों की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने न केवल परिवार की जीविका छीन ली, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी सुरेंद्र की बकरियां दीपपुर गेट के पास घास चर रही थीं। हाई टेंशन लाइन के पोल का जंपर टूटकर लोहे के एंगल से टकराया हुआ था। जिससे पूरे पोल और आसपास के क्षेत्र में करंट फैल गया। बकरियों को अपनी आंखों के सामने तड़पकर मरता देख सुरेंद्र की पत्नी सरिता सदमे से बेहोश हो गई। इस हादसे के दौरान सबसे डरावना पहलू यह रहा कि सुरेंद्र के दो छोटे बच्चे भी वहीं मौजूद थे। गनीमत रही कि वे करंट की चपेट में आने से बच गये। वरना एक बड़ी जनहानि हो सकती थी। इस घटना से पीड़ित परिवार को करीब एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जिससे घर में मातम छाया हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। नगर पालिका के कर्मचारियों की मदद से मृत बकरियों को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया है। ग्रामीण अब प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### दोस्त को बावला कहने पर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में मजाक-मजाक में हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। मंगलवार दोपहर गांव में एक बैठक पर पांच युवक बैठे हुए थे। इसी दौरान अमित ने मजाक में अपने दोस्त राजकुमार को ष्बावलाष कह दिया। इस बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गईद्य जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस ने प्रथम पक्ष से अमित और आमोद तथा दूसरे पक्ष से सुंदर, राजकुमार और कमल सिंह को हिरासत में लिया। थाना पुलिस ने पांचों युवकों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। गांव में घटना को लेकर कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### सास-बहू में विवाद के बाद महिला लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** जिला रामपुर क्षेत्र के विलासपुर मुहल्ला सीरीमियां निवासी एक परिवार में सास-बहू के बीच कहासुनी होने के बाद महिला घर से चली गई। जानकारी के अनुसार परिवार पायंती कलां स्थित हाजी अहमद अली के ईंट भट्टे पर पिछले छह माह से ईंट थापने का कार्य कर रहा है। किसी बात को लेकर सास हमसरी और बहू नाजरीन के बीच पांच दिन पहले विवाद हो गया था। विवाद के बाद सास हमसरी अचानक कहीं चली गईद्य जिससे स्वजनों में चिंता फैल गई। महिला के पति अली हसन और बेटे राशिद उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे। इसी दौरान हमसरी ने फोन कर अपने पति को बताया कि वह सकुशल वापस आ गई है और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज न कराई जाए। महिला का फोन आते ही पति और बेटा थाने से वापस लौट गए। घटना के बाद स्वजनों ने राहत की सांस ली।

### युवक के खाते से नौ हजार उड़ाये

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी युवक मुहम्मद मोनिस के बैंक खाते से साइबर ठगी कर नौ हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार मुहम्मद मोनिस का चौधरपुर स्थित ग्रामीण यूपी बैंक शाखा में खाता है। उनके खाते में करीब 14 हजार रुपये जमा थे।सोमवार दोपहर उनके मोबाइल पर खाते से नौ हजार रुपये कटने का संदेश प्राप्त हुआ। अचानक रुपये निकलने की जानकारी मिलने पर युवक बैंक शाखा पहुंचा और शाखा प्रबंधक को घटना से अवगत कराया।शाखा प्रबंधक ने जांच के दौरान थर्ड पार्टी एप के माध्यम से रुपये कटने की बात बताई। इसके बाद पीड़ित ने मंगलवार को डिडौली कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक फिसलने से महिला चोटिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** थाना रजबपुर क्षेत्र के कासमपुर गांव निवासी शीशपाल सिंह सोमवार देर शाम अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से घर लौट रहे थे।जैसे ही उनकी बाइक हरियाना गांव के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक पर बैठी उनकी पत्नी ममता घायल हो गई।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# बाइक से गिरकर महिला घायल

**जोया।** थाना रजबपुर क्षेत्र के कस्बा रजबपुर निवासी मुहम्मद शान का मोहल्ले में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि सोमवार देर रात वह अपनी पत्नी मेराज के साथ बाइक से पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे।जैसे ही उनकी बाइक थाने के सामने पहुंची, अचानक मेराज बाइक से गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया।

# किसानों व अधिकारियों के बीच बनी सहमति, एक माह के लिए धरना स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसडीएम की मौजूदगी में हुई भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और जल एवं प्रदुषण विभाग के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई जिसमें ग्रामीणों को शुद्ध जल प्रदान करने के लिए हैंडपंप, आरो प्लांट और खेतों के लिए ट्यूबबैल आदि लगवाने के लिए आश्वासन मिला। इसके बाद किसानों ने धरने को एक माह के लिए स्थगित कर दिया है।

मंडी धनौरा स्थित कार्यालय में हुई वार्ता बैठक में किसानों का कहना था कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग

**■ धनौरा में एसडीएम की मौजूदगी में हुई बैठक**

दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे आमजन और किसान परेशान हैं। किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों को स्वीकार कर लिया गया है तथा जल्द ही समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया



कि क्षेत्र में विभाग की पहल पर एक इकाई द्वारा हैण्डपम्प, आरो प्लांट, ट्यूबबैल आदि लगवाकर शुद्ध पानी देने का प्रयास किया जायेगा। आज से ही इस कार्य का सर्वे भी शुरू हो गया है। कहा कि स्थानीय युवकों को इकाईयों में रोजगार की मांग को लेकर भी एसडीएम ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि अब धरने को एक माह के लिए स्थगित कर दिया है। यह जीत किसानों का एकता का परिणाम है। इस दौरान राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष इकबाल सैफी, रामकृष्ण चौहान, ओमपाल सिंह, गंगाराम सिंह, चरण सिंह, मुकेश कुमार, अजयपाल सिंह, सुखराम सिंह, शान चौधरी, तेजपाल सिंह मौजूद रहे।

# घर से बुलाकर मजदूर को बेरहमी से पीटा

## आरोपियों परकार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** घर से बुलाकर मजदूर की बेरहमी से पिटाई की गयी। दबंगों ने लोहे की रॉड व सरियों से जमकर प्रहार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को परिजनों ने एसपी से गुहार लगायी है।

शिकायती पत्र के अनुसार घटना 31 मई की है। गांव निवासी किरनपाल ने बताया कि उसका भाई, जो मजदूरी करता है और कुछ दिन पहले ही घर आया था, अपने घर पर मौजूद था। उसी समय गांव का ही अभिषेक उर्फ अक्षय पुत्र राजेन्द्र उसके घर पहुंचा और काम का बहाना बनाकर उसे अपने साथ जब्दी वाले तिराहे पर ले गया। आरा. ेप है कि वहां पहले से आशीष पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम मथूरा नगर व चार अन्य अज्ञात लोग लोहे की रॉड, सरिया, लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर खड़े थे। सभी ने मिलकर पीड़ित को चारों तरफ से घेर लिया और हमला कर दिया। आगे बताया कि अभिषेक उर्फ अक्षय और आशीष ने पीड़ित के सिर पर सरिया और लोहे की रॉड से कई वार किए। बाकी आरो. पियों ने भी धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे पीड़ित लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। इसी बीच शोर सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे पुष्पा कश्मीरी समेत अन्य ग्रामीण मौके पर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख सभी आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पीड़ित को थाने ले जाया गया जहां पुलिस ने मेडिकल तो कराया, लेकिन न तो उनकी कोई सुनवाई हुई और न ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। गंभीर हालत के चलते पीड़ित को जिला संयुक्त अस्पताल अमरोहा में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्रार्थी ने पत्र में कहा है कि आरोपी अभिषेक उर्फ अक्षय उसके भाई से गांव की पुरानी रंजिश रखता है, जिसके चलते यह हमला किया गया।

**Y.M.S. P.G. COLLEGE**
**Mandi Dhanaura, Amroha**

**INVITES**

Application for the post of lecturers **B.A.** Hindi, English, Urdu, Sociology, Economics, Political Science, Education, Home Science, Geography, History, Sanskrit, Drawing etc.
**M.A.** English, Drawing, Education, Economics, Urdu, Hindi, Sociology, Political Science, Geography, Home Science.
**B.Com, B.B.A., B.Sc.-** (Physics, Chemistry, Math, Zoology, Botany)
**M.Sc.:** Chemistry, Physics
**M.Com.,**
**B.Ed.-** HOD (01 Post), Pedagogy Subject (04), Math (02), Science (02), Language (02), Music(01), Fine Art (01), Physical Education (01)
**Qualification & Salary:** According to U.G.C. Norms
Apply with all documents and recent photograph with 21 days
Contact: 7351315555
E-mail - ymspgcollege@gmail.com

# कानूनगो के तबादले को लेकर भड़के अधिवक्ता

## न्यायिक कार्य बहिष्कार का ऐलान, एसडीएम पर आश्वासन पूरा न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बार एसोसियेशन धनौरा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को बार रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप कुमार गुप्ता एडवोकेट ने की। बैठक में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी द्वारा कई बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद कानूनगो धीरे सिंह का तबादला न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया।

अधिवक्ताओं का कहना था कि लंबे समय से धीरे सिंह कानूनगो के स्थानांतरण की मांग की जा रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी की ओर से कई बार जल्द कार्रवाई का भरोसा भी दिया गया, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक धीरे सिंह कानूनगो का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक बार एसोसियेशन धनौरा के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

# आजाद समाज पार्टी के नेता को दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क पर खड़े एक ट्रक ने ऐसा बवंडर खड़ा किया कि सरेराह खून-खराबे की नौबत आ गई। मामला तब गरमा गया जब आजाद समाज पार्टी के नेता ने सड़क के बीचों-बीच खड़े ट्रक को हटाने की गुजारिश की। बस फिर क्या था आरोपी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने तहजीब की सारी हदें पार कर दीं।

मंगलवार को रहरा अड्डा के समीप घ्बीच सड़क पर न सिर्फ आजाद समाज पार्टी कोर कमेटी के सदस्य एवं मुरादाबाद मंडल के प्रभारी देवेंद्र बैंसला के साथ भद्दी गाली-गलौज की गई। बल्कि सरेराह उन्हें जान से मारने की खुली धमकी भी दे डाली। आरोपी के तेवर देख ऐसा लग रहा था जैसे कानून का उसे रत्ती भर भी खौफ न हो। असपा नेता ने बताया कुछ देर के बाद मोबाइल पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई उनके पास रिकॉर्डिंग भी है। इस अपमान और जान के खतरे से गुस्साये असपा नेता अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सीधे कोतवाली पहुंच गये। कार्यकर्ताओं के भारी हुजूम के बीच पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी गई है। असपा नेता ने बताया बजरी मटेरियल कारोबारी ने उन्हें काफी बेइज्जत किया है। नेताजी ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है अगर मुझे खरोंच भी आई तो इसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ वो धमकीबाज होगा। अब देखना यह है कि पुलिस इस श्दबंगश आरोपी की हेकड़ी कब तक निकालती है।

# ट्रेड डिल से घाटे का सौदा बनेगी खेती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत अमेरिका ट्रेड डील से किसानों को खतरा है। इसलिए भारत सरकार को चाहिए कि इस डील का न करे।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राजेन्द्र सिंह ने कहा कि, 01 से 04 जून के मध्य दिल्ली में अमेरिकी प्रति. निधिमंडल के साथ हो रही बैठक में यदि यह डील हो गई तो यह खेती घाटे का सौदा बन जाएगी। इस डील से भारत में फसलों के दाम गिरेंगे और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। एमएसपी पूरी तरह से बेकार

**■ केन्द्र सरकार को नहीं देनी चाहिए सहमति**

हो जाएगी और डयेरी सेक्टर तबाह हो जाएगा। अमेरिकी कंपनियां बीज के रेट खुद तय करने लगेंगी। उन्होंने कहा कि इस डील से भारतीय किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा बन जाएगी। इसलिए केन्द्र सरकार को भारतीय किसानों के हितों को देखते हुए इस डील को पूरी तरह से ठुकरा देना चाहिए, क्योंकि इस डील से अमेरिकी कंपनियों और एक्सपोर्टर को फायदा पहुंचेगा जबकि भारतीय किसानों को घाटा झेलना पड़ेगा।

# टैम्पो की टक्कर से छात्र घायल, जिला अस्पताल रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया के मुहल्ला जामा मस्जिद निवासी मुहम्मद फहीम का 14 वर्षीय पुत्र मुहम्मद अली सड़क हादसे में घायल हो गया। बताया गया कि मुहम्मद अली कक्षा नौ का छात्र है और रायपुर स्थित जिला अस्पताल से दवा लेकर वापस घर लौट रहा था।जानकारी के अनुसार, वह टैंपो से उतरकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक टैंपो ने उसे टक्कर मार दीद्य जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया।

### मारपीट मामले में निष्पक्ष जांच की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** थाना रहरा क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम में मारपीट के एक मामले को लेकर सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज सिंह प्रजापति व ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि विवाद में घायल होने के बावजूद उनकी तहरीर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के कुछ लोगों के पुलिस विभाग से संबंध होने के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, दिनेश सैन टिंकू उमेश योगेश मुकेश तेजपाल आदेश रूपकिशोर सोमपाल मनोज नरेश जितेंद्र राजेंद्र अमित चंद अंकित सोनू रिशिपाल आदि मौजूद रहे

# निर्माण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी

## दीवार जबरन गिराकर पथराव व लाठी-डंडों से हमला, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** निर्माणाधीन मकान की दीवार जबरन गिराकर पथराव व गाली-गलौच सहित लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों सहित कई महिलाओं पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं घटना से लोगों में हड़कम्प मच गया।





प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कोटरा निवासी जमाल अहमद पुत्र इकरार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई की दोपहर लगभग 12 बजे उसके निर्माणाधीन मकान पर वरीस पुत्र फरीद, खुर्शीद पुत्र फरीद, साकिब उर्फ भूरा पुत्र इदरीस, अंसार सहित लगभग छह महिलाओं व युवतियां आदि ने इकट्ठा होकर लाठी-डंडों से लैस होकर आए और जबरन निर्माण कार्य में बाधा डालते हुए निर्माणधीन दीवार को गिरा दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग कर पत्थरबाजी करने के साथ-साथ धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी। घटना से मौहल्ले के लोगों में हड़कम्प मच गया। आरोपियों के हमला करने से पीड़ित परिवार मामूली रुप से घायल भी हो गया। वहीं आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को निर्माण कार्य करने पर जान मारने की भी धमकी दी। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दस लोगों व महिलाओं के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। उधर जमाल ने बताया कि आरोपियों से एक अन्य भूमि को लेकर विवाद चल रहा है जिसके चलते दबाव बनाने के लिए घटना को अंजाम दिया है।

उधर विवादित भूमि को कम दामों में खरीद कर रातों रात अमीर बनने का सपना देखने वालों के कई गैंग नगर में सक्रिय है। जिनका काम आपसी विवादों में एक पक्ष को सपोट कर उससे उल्टे-सीधे कार्य कराकर नगर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे रहते नजर आ रहे है। यदि समय रहते शासन व प्रशासन ने जल्द इन जैसे लोगों की नकेल ना कसी, तो किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# पंचायत सहायकों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### मानदेय वृद्धि और स्थायी सेवा नियमावली की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश के बैनर तले आज दर्जनों पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा, जिसमें मानदेय वृद्धि सहित कई प्रमुख मांगें उठाई गईं।




प्रदर्शनकारी पंचायत सहायकों ने अपने मासिक मानदेय को बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के समान 30,000 रुपए करने की मांग की। यूनियन ने पंचायत सहायकों के लिए अनुमंडल प्रणाली को समाप्त कर एक स्थायी सेवा नियमावली बनाने की अपील की। इसके साथ ही, विवाह के बाद महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण और समायोजन नीति लागू करने की भी मांग रखी गई। उनकी अन्य मांगों में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना शामिल था। इसके अतिरिक्त, पंचायत सहायकों और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग भी की गई। इस प्रदर्शन में प्रीतम सिंह, संदीप, नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सोनिया, आवे सलाम, मनीषा, मनीषा सैनी, शिव कुमार, प्रशांत कुमार, मौहम्मद तसलीम, सचिन कुमार और विशाल कुमार सहित कई पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

## अधिशासी अभियंता द्वारा कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण न करने पर नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई संघ समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद शाखा का प्रतिनिधि मंडल जिला संरक्षक देशराज सिंह के नेतृत्व में मिला।



वार्ता में अधिशासी अभियंता द्वारा सिंचाई खंड बिजनौर सीच पर्यवेक्षकों व सीचपाल की वाजिब मांगों को पूरा न करने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता की हठ धर्मिता के चलते हुए सीचपालों की एसीपी की मांग लंबे समय से लंबित है। जिसकी स्वीकृति फरवरी माह में हो गई थी। केवल वेतन में लगाने की स्वीकृति दी जानी है।

अधिशासी अभियंता निरंतर सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों का मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। जो कार्य सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों के नहीं है। उनको करने पर भी अनावश्यक दबाव बनाया जाता है और जिसको लेकर कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है। इस प्रकार के दबाव से कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार का हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिमंडल को आस्वस्त किया।

प्रतिनिधि मंडल में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, संयुक्त राज्य परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों से बचते हुए बाइक फिसली, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** कुत्तों से बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक की बाइक फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से बाइक सवार युवकों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्रात समाचार के अनुसार मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी समीर अहमद व गाजियाबाद निवासी जीशान अली गंभीर रूप से घायल हो गए। समीर अहमद का निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा है व जीशान अली की गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया है। ताजपुर में कुत्तों का आतंक चरम सीमा पर है। गली गलियारों में आयेदिन झुंड बनाकर घूमते नजर आते हैं। बाइक सवार पर आयेदिन हमला करते हैं। आवारा कुत्तों से बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवकों के साथ बड़ी घटना घट जाती है। मौहल्ले वासियों शमीम अहमद अंसारी फजल अहमद, जावेद अख्तर, नफीस खान, नरेंद्र कुमार, गौतम सिंह आदि ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन कुत्तों को पकड़ा जाए। ताकि खुंखार कुत्तों से निजात मिल सके। इन खुंखार कुत्तों के आतंक से बाइक सवार लोग परेशान नजर आ रहे है। कुत्तों का झूंड आयेदिन बाइक सवार को अपना निशाना बना रहे हैं। आवारा कुत्तों की वजह से दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पोलिंग बूथ प्रबंधन व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा

## वोटर लिस्ट के अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** धामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी की बैठक में संगठन की मजबूती, वोटर लिस्ट व पोलिंग बूथ प्रबंधन तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह द्वारा संगठन की मजबूती व सक्रियता पर बल व वोटर लिस्ट के अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला काजी सराय स्थित कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव फुरकान महमूद अंसारी के आवास पर आयोजित बैठक में पहुंची जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह द्वारा संगठन की मजबूती व सक्रियता पर बल देते हुए वोटर लिस्ट के अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाने व जिन लोगों के वोट गलत तरीके काटे गए हैं अथवा नाम में गड़बड़ी है, उसे बूथवार दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही बूथवार कमेटी के गठन का कार्य भी शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने की अपील की। कांग्रेस नेता व सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव आरके सिंह ने भाजपा सरकार पर साम्प्रदायिक व जातिवाद का जहर घोल कर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी को मजबूत करने का आह्वान किया। फुरकान महमूद ने वोटर लिस्ट व बूथ प्रबंधन पर कार्य प्रगति के लिए शीघ्र ही बूथवार लिस्ट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

इस मौके पर अब्दुल हकिम, डा.वेद प्रकाश शर्मा, डा. इसरार, मुकर्रम खान, नईम खान, लोकेंद्र चौहान, जफर मलिक, नौशाद मलिक, नोशाद प्रिंस, कासिम, हाफिज रियाज, गुंजन अग्रवाल, सुधा देवी, मौहम्मद आरिफ अंसारी, मैराज सिद्दीकी सहित धामपुर विधान क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षो, कमेटी पदाधिकारियों, बूथ कमेटियों के सदस्यों, जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव सहित आदि लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने की। संचालन फुरकान महमूद अंसारी ने किया।

## एक नजर

### छबील लगाकर शर्बत बांटा



**शेरकोट।** भीषण गर्मी के चलते युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश कर गर्मी से निजात दिलाने के लिए छबील लगाकर लोगों को ठंड शरबत वितरित किया। नगर के मौहल्ला काजियान स्थित पूर्व सभासद अब्दुल रऊफ ठेकेदार चौक पर कुछ युवाओं व समाजसेवियों द्वारा शरबत वितरण किया गया। दोपहर के समय लगाए गए शरबत स्टॉल पर बड़ी संख्या में राहगीरों, मजदूरों और वाहन चालकों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। भीषण गर्मी से बचाव और प्यास बुझाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह सेवा लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुई। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा आगे भी जारी रखी जाएगी। इस मौके पर अब्दुल हादी, अब्दुल रहमान, मौहम्मद आफताब उर्फ सब्बू, मौहम्मद जबे, मौहम्मद अनस, अब्दुल याहिया, मौहम्मद ताहिब और मौहम्मद रियान मौहम्मद सिराज, मौहम्मद फरहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### पीएचसी का औचक निरीक्षण



**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके राहुल ने आज पीएचसी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा.बीके स्नेही भी मौजूद रहे। डा. राहुल ने दवा स्टोर, लेबर रूम, जांच लैब एवं ओपीडी का निरीक्षण किया तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.मीनाक्षी सिसोदिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक मरीजों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा दवाओं की उपलब्धता बनाए रखी जाए। साथ ही अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई रखने और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर जोर दिया निरीक्षण के दौरान डा. बीके स्नेही, डा. मीनाक्षी सिसोदिया, स्टाफ नर्स ममता रानी, एलटी कल्पना शिवलिया, एआरओ आलोक कुमार, चौकीदार उमेश कुमार तथा एएनएम अंजली सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### युवती ने हंगामा कर तोड़फोड़ की



**नजीबाबाद।** बीती रात नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित झंडा चौक पर एक युवती ने हंगामा कर तोड़फोड़ की। युवती के तेज शोर शराबे व अजीब हरकतें करने की वजह से वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। युवती ने वहां रखे गमले आदि उठाकर तोड़ते हुए काफी देर तक हंगामा काटा। सूचना मिलने पर हलका पुलिस मौके पर पहुंची। युवती पुलिस के सामने भी इसी तरह की हरकतें करती रही। पुलिसकर्मियों ने समझदारी व संयम से काम लेते हुए युवती को काफी देर बाद समझा बुझाकर शांत किया। बताया जाता है कि उक्त महिला मानसिक रूप से कमजोर थी। पुलिस ने मानवता दिखाते हुए युवती को सुरक्षित उसके घर भिजवाया।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के एक गांव में मामा के घर आई एक युवती ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती और फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता अपनी व्यथा को लेकर नहटौर थाने पहुंची है। बिजनौर शहर क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता कुछ समय पूर्व नहटौर क्षेत्र में अपने मामा के घर आई हुई थी। इसी दौरान उसकी इंस्टाग्राम पर एक युवक से बातचीत शुरू हुई। युवक ने युवती को खुद को सेना का जवान बताया। बातचीत का सिलसिला धीरे-धीरे दोस्ती में बदला और फिर प्यार में परिवर्तित हो गया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी झांसे में लेकर उसे सहारनपुर बुलाया। वहां युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि जब युवती ने अब शादी करने का दबाव बनाया, तो युवक अपने वादे से मुकर गया और तरह-तरह के बहाने बनाकर टाल-मटोल करने लगा।

## एक नजर

### ट्रांसफॉर्मर में लगी आग




**नजीबाबाद।** आज सुबह करीब दस बजे भारत टॉकीज के पास एसडीएम आवास के बाहर लगे एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर अचानक जलने लगा, जिससे वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं। घटना की सूचना तत्काल फायर स्टेशन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। व्यस्त इलाके में हुई इस घटना के कारण कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम मरम्मत कार्य कर रही है और कुछ ही घंटों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### ताजपुर में दर्जनों सरकारी हैंडपंप खराब



**राजा का ताजपुर।** जून की भीषण गर्मी के बीच दर्जनों सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। पचास हजार की आबादी वाले ताजपुर में इन खराब हैंडपंपों के कारण लोगों को पानी की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मौहल्ला खालियापार स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने का हैंडपंप भी खराब है। इन खराब हैंडपंपों के कारण आसपास के सैकड़ों परिवारों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बढ़ती गर्मी में उन्हें ठंडे पानी की आवश्यकता होती है। मौहल्ले के निवासी करन सिंह, भगवान दास, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, रमेश कुमार, छोटे जोशी और संदीप जोशी ने बताया कि उन्होंने हैंडपंपों की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान से लेकर उच्च अधिकारियों तक कई बार शिकायतें की हैं। हालांकि, उनकी शिकायतों पर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया और उन्हें केवल झूठे आश्वासन मिले हैं। इस संबंध में विकास खंड अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि उन्हें सरकारी हैंडपंपों के खराब होने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन नलों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा।

### सुंगरपुर बेहड़ा में क्रिकेट टूर्नामेंट



**नांगल सोती।** सुंगरपुर बेहड़ा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में कामराजपुर की टीम ने सुंगरपुर बेहड़ा को आठ विकेट से हराकर मैच जीत लिया। सुंगरपुर बेहड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 108 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज वकार अंसारी ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। कामराजपुर की ओर से जावेद ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कामराजपुर की टीम ने आठ विकेट से मैच जीत लिया। जिसमें जावेद ने 43 रनों का योगदान दिया। कामराजपुर के जावेद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर रजनीश और नौशाद रहे। मैच में आकिल हुसैन, ब्रजवीर, अमित, अब्दुल्ला आदि का योगदान रहा।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव



**धामपुर।** नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन की कथा में व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध भागवत आचार्य कृष्ण मोहन महाराज का कहना है कि संसार में यदि कोई बड़ी शक्ति है, तो वह मातृशक्ति है जिसको प्रबल शक्ति के रूप में भी वंदनीय पूजनीय और सम्मानीय स्थान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त भगवान पापियों दुष्ट प्रवृत्ति वाले अत्याचारियों के लिए नहीं बल्कि भक्तों का उद्धार करने तथा उन्हें अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए ही अवतार धारण करते हैं। इस अवसर पर शुकदेव महाराज के जन्म से संबंधित प्रसंग के अंतर्गत प्रस्तुत की गई झांकी ने जहां श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं अनेक श्रद्धालुओं ने इस झांकी को तिलक एवं समर्पित भाव के साथ तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भरपूर प्रोत्साहन एवं सम्मान भी प्रदान किया। दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के प्रशासक प्रदीप कुमार चौहान एवं पत्नी मीरा देवी चौहान, राजा चौहान एवं प्राची चौहान, चारुल चौहान, वंशिका चौहान, निशांक चौहान, कान्हा, शूरवीर सिंह एवं सुजाता सिंह रहे।

### हादसे में टैंट व्यापारी व अधिवक्ता घायल

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी निवासी टैंट व्यापारी बब्बन अली जैदी व शाकिर एड. आज सुबह किसी कार्य से नजीबाबाद से बिजनौर बाइक द्वारा जा रहे थे। रास्ते में बिजनौर के समीप उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे में टैंट व्यापारी व अधिवक्ता दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में मुख्य शूटर सुमित दबोचा

## पैर में लगी गोली, मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी हुआ घायल

■ मामले में अब तक तीन साजिशकर्ताओं और चार हमलावरों समेत सात आरोपी दबोचे




बिलसंडा व्यापारी हत्याकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिलसंडा क्षेत्र के बमरौली तिराहा पर कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भीकमपुर नहर दियोरियाकला रोड पर हुई एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान घटना में शामिल एक अन्य मुख्य अभियुक्त सुमित (19 वर्ष) को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस जवाबी फायरिंग में पुलिस का एक सिपाही भी मामूली रूप से घायल हुआ है।

थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में बिलसंडा पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध बदमाश भीकमपुर नहर की तरफ से गुजरने वाला है। रात करीब 00:30 बजे पुलिस ने जब एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया, तो उस पर सवार युवक ने भागने का प्रयास किया। भागते समय हड़बड़ाहट में उसकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गई। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायरिंग झोंक दी। अभियुक्त की तरफ से हुई फायरिंग में कांस्टेबल गुरमीत के दाहिने हाथ को छूती हुई गोली निकल गई, जिससे वह घायल हो गए।

इसके बाद पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त सुमित के दाहिने पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त सुमित पुत्र राजेश कुमार, शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला खिरनी बाग (बिस्मिल वाली गली) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा (315 बोर), 02 जिंदा कारतूस और 01 खोखा कारतूस घटना में इस्तेमाल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

घायल बदमाश को तुरंत इलाज के लिए सीएचसी बीसलपुर भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें शाहजहांपुर के अलग-अलग थानों में संगीन धाराओं के तहत मामले पहले से दर्ज हैं।

बीते 28 मई 2026 को बिलसंडा के बमरौली तिराहा पर स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान में कुछ बदमाशों ने घुसकर मारपीट की थी। शोर सुनकर पास ही कपड़े की दुकान चलाने वाले साहसी व्यापारी पप्पू गुप्ता बीच-बचाव के लिए दौड़े और भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। खुद को फंसता देख बदमाशों ने पप्पू गुप्ता पर तमंचे से फायर झोंक दिया था। इलाज के दौरान व्यापारी पप्पू गुप्ता की मौत हो गई थी, जिससे इलाके के व्यापारियों में भारी आक्रोश था।

### अब तक कुल सात गिरफ्तारियां

पंकज कटियार की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं (ठछै) में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए 5 टीमों का गठन किया था। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 7 लोगों को जेल भेज चुकी है:

साजिशकर्ता (3 आरोपी): रमेश चन्द्र कटियार, विमल और सीतेश (निवासी शाहजहाँपुर) को 29 मई को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हमलावर (4 आरोपी): 30 मई को पुलिस मुठभेड़ के दौरान लक्की मौर्य, शिव और कुनाल को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, बीती रात चौथे हमलावर सुमित को भी मुठभेड़ में दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि घटना में शामिल अन्य बचे हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही वे सभी सलाखों के पीछे होंगे।

### मुठभेड़ करने वाली टीम

थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, कांस्टेबल गुरमीत कुमार (घायल), मनीष कुमार और विश्व राणा थे।

## सपा कार्यालय में बकरों की कुर्बानी, सपा जिला महासचिव पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नकटादाना स्थित केजीएन कॉलोनी में सपा के अस्थायी कार्यालय में बकरीद पर बिना अनुमति बकरों की कुर्बानी देने के मामले में पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर कुर्बानी देने और पशु क्रूरता की धाराओं में सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के सिविल लाइन चौकी प्रभारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 1 जून को वह अपने क्षेत्र में ड्यूटी पर थे केजीएन कॉलोनी में सपा नेता नफीस अहमद का घर है वहां अस्थाई रूप से समाजवादी पार्टी का कार्यालय संचा. लित होने की जानकारी मिली पुलिस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि 28 से 30 मई के बीच बकरों को वहां रस्सियों से बांधकर रखा गया।

बकरीद पर बिना प्रशासनिक अनुमति के सार्वजनिक रूप से बकरों की कुर्बानी दी गई तहरीर में यह भी कहा गया कि इससे कानून व्यवस्था और निर्धारित नियमों के उल्लंघन की स्थिति उत्पन्न हुई पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू की गई है साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## करंट लगने से विद्युत संविदाकर्मी की मौत

■ कलेक्ट्रेट में पौन घंटे तड़पता रहा संविदाकर्मी

■ डीएम कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर हुआ हादसा, घंटे भर बाद पहुंची सहायता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर विद्युत लाइन की मरम्मत के दौरान हुए हादसे ने विद्युत विभाग का संविदा कर्मचारी विजयपाल की अचानक करंट लगने से जमीन पर गिरकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि हादसे के बाद विजयपाल गंभीर रूप से घायल अवस्था में करीब 40 मिनट तक जमीन पर तड़पता रहा।

मौके पर मौजूद संविदा कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई भी तत्काल सहायता के लिए बाहर नहीं आया। बताया जाता है कि काफी देर बाद विद्युत विभाग के जेई मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस बुलवाई गई। घायल विजयपाल को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विजयपाल की मौत के बाद साथ ही बिजली कर्मचारियों में व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश है।

## गौ सेवा आयोग के सदस्य ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

■ जनपद स्तरीय गौ आश्रय स्थल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** राजेश सिंह सेंगर, सदस्य, उप्र गौ सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा जनपद पीलीभीत भ्रमण के दौरान गौ आश्रय स्थल देवीपुरा, पकड़िया नौगवां, खाईखेड़ा, बसन्तापुर का निरीक्षण करते हुए, देवीपुरा गौ आश्रय स्थल में किये जा रहे है नवाचार की प्रशंसा की तथा जनपद स्तरीय गौ आश्रय स्थल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की अध्यक्षता गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें बैठक में निर्देशित किया गया कि समस्त गौ आश्रय स्थलों की स्वच्छता तथा भरण पोषण हेतु भूसा, हरा चारा, चोकर एवं स्वच्छ पानी आदि देने के समय निर्धारित किया जाये तथा भूसा, हरा चारा चोकर आदि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

समस्त गौ आश्रय स्थलों में गोबर, गौमूत्र आदि के प्रयोग से स्वावलम्बी बनाया जाये, हरे चारा उगाने वाले किसानों से एमओयू कराकर गौ आश्रय स्थलों में हरा चारा की व्यवस्था की जाये, बीमार, छोटे एवं कमजोर गौवंशों को रखने के लिए से व्यवस्था की जाये। गौ आश्रय स्थलों में केयर टेकरों के साथ पैरावेट/मैत्री को गा आश्रय स्थलों में रखा जाये।

गौ आश्रय स्थलों नवाचार हेतु उद्यान विभाग से समन्वय स्थापित कर गोबर के गमले बनाने हेतु निर्देशित किया गया तथा गौशालाओं में उपलब्ध गोबर से गोबर खाद/ वर्मी कम्पोस्ट/गोबर गैस प्लाट आदि बनाये जाये जिससे की रसायनिक खाद का उपयोग कम हो सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अनुराग शर्मा, गौ सेवा आयोग द्वारा नामित गौ प्रेमी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्साधिकारियों/समस्त पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पीएनबी ने अपने सम्मानित और नियमित ग्राहकों को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** वाह यह तो पंजाब नेशनल बैंक की एक बहुत ही मीठी और सराहनीय पहल है। अक्सर बैंकों में लोग सिर्फ काम-काज, कागजात और कतारों की उम्मीद करते हैं। लेकिन जब इस तरह से ग्राहकों का स्वागत किया जाता है, तो एक अलग ही सकारात्मक जुड़ाव बनता है।

शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा का ग्राहकों को मिठाई खिलाकर सम्मानित करना यह दिखाता है कि बैंक केवल वित्तीय लेनदेन का जरिया नहीं है। बल्कि वह अपने ग्राहकों के साथ एक मजबूत और आत्मीय रिश्ता भी बनना चाहता है। श्री वर्मा का जमीन पर उतरकर ग्राहकों से ऐसा सीधा और मीठा संवाद करना एक सुखद बदलाव है। अंत में उन्होंने नियमित और सम्मानित ग्राहकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अंकित शर्मा, दोहा शब्बीर अंसारी, लोकेश यादव फील्ड ऑफिसर आकाश कुमार, विकास यादव, कौशल कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## अशोक कुमार बने भाकियू टिकैत के मंडल प्रवक्ता, क्षेत्र में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बरेली मंडल बरेली के मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने अशोक कुमार को मंडल प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है।

उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समय समय पर किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने पर सौंपी गई है। मंडल स्तर पर यह जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

अशोक कुमार ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी है, वे उस पर पूरी मेहनत और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## पॉपुलर के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम सर्वा में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पॉपुलर के पेड़ पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक चंद्रपाल पुत्र सुरेश(35 वर्ष) निवासी ग्राम सर्वा में बताया जाता है कि चंद्रपाल के परिवार में दो भाई हैं। सबसे छोटे भाई का नाम जयसिंह तथा सबसे बड़े भाई का नाम चंद्रकेश है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## 84 घंटा हनुमान मंदिर पर श्रद्धा के साथ मनाया बड़ा मंगल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** सर्राफा बाजार स्थित ऐतिहासिक 84 घंटा हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास का पांचवां बड़ा मंगल पर्व श्रद्धा, भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर श्जय श्री रामश और श्जय हनुमानश के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

अनुष्ठान की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे मुख्य पुजारी पंडित सुधीर मिश्रा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। उन्होंने हनुमान जी महाराज को सिंदूर एवं चमेली के तेल से लेपन कर चांदी के वर्क से आकर्षक रूप से सजाकर चोला चढ़ाया। इसके बाद सेवादारों द्वारा अर्पित नवीन वस्त्र व आभूषण पहनाकर मारुति नंदन का भव्य-दिव्य श्रृंगार किया गया। सुबह की महाआरती के बाद बजरंगबली को लड्डुओं एवं पारंपरिक गुड़-चने का महाभोग लगाया गया।

**सामूहिक हनुमान चालीसा और महाआरती**

शाम को ठीक 7:30 बजे भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में भक्त उमड़े। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर में सेवादार नीरज रस्तोगी, शालिनी वैश्य एवं अंकित वैश्य ने बाबा के नवीन वस्त्र-आभूषण की व्यवस्था संभाली और आरती के बाद सभी उपस्थित भक्तों में गुड़, चना एवं लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया।

### ज्येष्ठ मास के पूजन से दूर होते हैं संकट: सुधीर मिश्रा पुजारी

मंदिर के पुजारी पंडित सुधीर मिश्रा ने बड़े मंगल की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी महाराज कलयुग के जागृत देव और प्रभु श्री राम के परम प्रिय भक्त हैं। उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को ही हनुमान जी का भगवान श्री राम से पहली बार मिलन हुआ था। इस पवित्र महीने में हनुमान जी की पूजा करने से वे अति शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के रोग, शोक तथा जीवन में आने वाले सभी संकटों को हर लेते हैं।श्रद्धालुओं की रही भारी उपस्थितिइस पावन अवसर पर मुख्य रूप से राज. कुमार सिंह सेंगर, रामगोपाल पटवा, प्रदीप पटवा, कन्हैया मिश्रा, वंश मिश्रा, नरेश प्रजापति, राजीव सैनी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## एसएसपी के एक्शन के बाद तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** थाना क्षेत्र के गाँव परसोना में कुछ दबंगों ने एक महिला के पालतू कबूतरों को बेरहमी से मार डाला जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी पीड़िता अम्बर्वती ने पहले स्थानीय स्तर पर शिकायत की थी, लेकिन वहाँ कोई सुनवाई नहीं हुई। हार न मानते हुए उसने न्याय के लिए जिले के कप्तान (एसएसपी) अंकित शर्मा का दरवाजा खटखटाया घ्एसएसपी अंकित शर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया और सहसवान पुलिस को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद सहसवान पुलिस ने गाँव के ही तीन आरो. पियों धर्म सिंह, राधे और गोविंद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है घ्लगीं ये धाराएँ: आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## शिकायत पर नहीं जागी गजरौला पुलिस, दबंगों ने घर में घुसकर बरपाया कहर

■ पहले दी गई तहरीर पर नहीं चेती पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** थाना गजरौला क्षेत्र के गांव गजरौला कलां में हुई मारपीट की घटना ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पूर्व में दी गई शिकायत पर यदि पुलिस ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई की होती तो घर में घुसकर हमला करने जैसी घटना को रोका जा सकता था।

गांव निवासी नरेंद्र गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि 31 मई को वह अपनी बहन को तिलहर छोड़कर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोककर विवाद किया था। इस संबंध में उन्होंने थाना गजरौला में तहरीर भी दी थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता ने आरोपियों के हौसले बढ़ा दिए। मंगलवार को कथित रूप से वही लोग अपने साथियों के साथ उनके घर पहुंच गए और घर में घुसकर नरेंद्र गुप्ता तथा सुरेंद्र गुप्ता के साथ मारपीट की।

घटना में दोनों घायल हो गए। परिजनों के अनुसार हमलावरों ने खुलेआम दबंगई दिखाते हुए हमला किया, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाना पुलिस ने पहले मिली शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका परिणाम यह रहा कि आरोपियों ने दोबारा हमला करने का साहस किया।

परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरो. पियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा संबंधित पुलिस कर्मियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय यह है कि यदि शुरुआती शिकायत पर पुलिस सक्रिय होती तो क्या यह हमला टाला जा सकता था। अब निगाहें पुलिस अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हैं कि पीड़ितों को न्याय और आरोपियों पर कार्रवाई कब तक सुनिश्चित की जाती है।

## एक नजर

### समाजवादी पार्टी ने किया अधिवक्ता सभा का सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ग्राम चंदोई स्थित मौर्य बैंक्वेट हॉल में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सतेन्द्र मौर्य ने किया।



मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जगा रहे।स, अध्यक्षता अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला ने की। मंच पर विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी, शिशिर यादव, आशीष कुमार, जुही खान, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रशांत यादव समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। सतेन्द्र मौर्य ने सभी अधिवक्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि जगदेव सिंह जगा ने कहा कि सपा संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है जिसमें अधिवक्ताओं का बड़ा योगदान है। जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनाने तक अधिवक्ता सभा पूरी तरह पार्टी के साथ खड़ी है। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष आशीष कुमार ने किया। समारोह में सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हुए। आयोजक सतेन्द्र मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नदी पार कर शव को श्मशान ले जाने को मजबूर ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** तहसील अमरिया क्षेत्र के धुंधरी गांव में शमशान भूमि पर जाने के लिए लोगों को काफी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शव यात्रा को लेकर नदी पार करनी पड़ती है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल होने पर चर्चा हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को पुलिया और रोड बनवाने के लिए अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई निर्माण नहीं हो सका जिसके चलते ग्रामीणों को शव यात्रा नदी पार कर शमशान भूमि पर जाना पड़ता है। अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### फरहान और आतिफ गाजियाबाद के सूर्या हत्याकांड में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सूर्या चौहान हत्याकांड में पीलीभीत के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गाजियाबाद में बकरीद के दिन हुए चर्चित हत्याकांड की जांच में पीलीभीत का भी कनेक्शन सामने आया है। मामले में शहर के दो युवकों की गिरफ्तारी हुई है। गाजियाबाद पुलिस की जांच में सामने आया कि पीलीभीत शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुजकसावान निवासी फरहान और आतिफ भी इस हत्याकांड से जुड़े हुए हैं, पुलिस दोनों गिरफ्तार कर अपने साथ गाजियाबाद ले गई।

### सभासदों की नाराजगी पड़ी अधिशाषी अधिकारी को भारी हुआ तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार के ताबदले के पीछे नगर पालिका के सभासदो की नाराजगी आयी सामने कुछ दिन पहले नगर पालिका के मेम्बरो ने मिलकर प्रमुख सचिव और नगर विकास मंत्री को एक शिकायत की जिसमे अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाया कि ई ओ को चार साल से ज्यादा हो गए है जिससे लम्बे समय से एक ही स्थान पर कार्येरत रहने के कारण प्रशासनिक कार्य एवं विकास कार्य मे पारदर्शिता एवं निष्पक्षता प्रभावित हो रहीं है ई ओ द्वारा विकास कार्य मे अनावश्यक बिलम्ब जनहित के कार्य एवं बिभिन्न योजनाओं मे बाधा उत्पन्न कि जा रहीं है जिससे जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है अनेक आवश्यक कार्य लाम्बित पड़े है जो शासन के अनुसार विकास कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न किये जा सके अधिशाषी अधिकारी को तुरंत हटाया जाये ताकि विकास कार्य गति आये और जनता को परेशानी से छुटकारा मिल सके जिसपर शासन ने संज्ञान लेते हुए अधिशाषी अधिकारी राजेश कुमार का किया तबादला शिकायत करने वाले सभासद बंटी प्रजापति, चंद्रपाल मौर्य, छाया, सर्वेश, मुन्नी देवी, अकरम भाई , सीमा, प्यारे मियाँ, धर्मवीर, राजवती, गुलशन जहाँ, मो इनाम,मो उमर, मुबाशिरा बी,रेशमा,खुर्शीद, तहसीन बेगम आदि

### बिसौली नगर पालिका में लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर पालिका परिषद द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत 1 जून से 30 जून तक चलने वाले लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर्स योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना जैसी प्रमुख योजनाओं के तहत ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।



नगर पालिका सभागार में आयोजित लोक कल्याण मेले में नागरिकों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए अलग-अलग डेस्क स्थापित किए गए। जहां पर प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा आवेदन पत्र भरवाने में सहायता प्रदान की गई। मेले में स्ट्रीट फूड वेंडरों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई ताकि वह मानक के अनुरूप सुरक्षित खाद्य परोस सकें। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण सुविधाओं के साथ नागरिकों को डिजिटल भुगतान प्रणाली के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पालिका लिपिक राजीव कुमार, यशोदा नंदन, नदीम अब्बासी, रमेश, जितेंद्र, अनमोल, व्योमेश पाठक, नितिन सक्सेना, अमित, गगन, रवि आदि मौजूद रहे।

### जन सुनवाई में पहुंची नेत्रहीन महिला की समस्या का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील बहेड़ी में आयोजित जन सुनवाई के दौरान एक नेत्रहीन महिला की समस्या का तत्काल समाधान कर प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ग्राम बिजौरिया निवासी नेत्रहीन महिला नीरज कुमारी अपनी समस्या लेकर जन सुनवाई में पहुंची थीं।



महिला ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उनके पास अंत्योदय राशन कार्ड नहीं था, जिससे उन्हें सरक. ारी खाद्यान्न योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की और आपूर्ति विभाग के सहयोग से महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाकर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इशिता किशोर एवं तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने नीरज कुमारी को राशन कार्ड सौंपते हुए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। राशन कार्ड प्राप्त होने पर महिला ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। एसडीएम और तहसीलदार ने कहा कि जन सुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है, तथा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बहेड़ी में झोलाछाप डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

■ गलत इलाज से महिला की मौत, सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट तथा 34 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने और कथित गलत इलाज के कारण महिला की मौत होने के मामले में बहेड़ी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहेड़ी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी.के. सिंह ने थाना बहेड़ी में दी गई तहरीर में बताया कि नईम (45) पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम शकरस, में बिना वैध अनुमति के एक क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। यह क्लीनिक अब्दुल करीम पुत्र मोहम्मद अजीज की दुकान में किराये पर चल रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद 27 मई 2026 को उक्त क्लीनिक को सील कर दिया था।

तहरीर के अनुसार, जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि ग्राम ग्वारी निवासी प्रेमवती (60) पत्नी राम की तबीयत खराब होने पर नईम से इलाज कराया गया था। आरोप है कि गलत इलाज के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में भी पत्राचार किया गया था।

पुलिस ने चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर के आधार पर आरोपी नईम के खिलाफ मुकदमा इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट तथा 34 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पंचायत सदस्य के पिता पर मुकदमा

■ कार्रवाई से नाराज विधयक ने एसडीएम कार्यालय पहुंच जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जिला पंचायत सदस्य के पिता समेत कई लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में उस समय माहौल गरमा गया, जब विधायक डॉ. एमपी आर्य अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने मामले में लेखपाल की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए एसडीएम उदित पवार से तीखी नाराजगी जताई और तहसील की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कड़े शब्दों में आपत्ति दर्ज कराई।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला बंजारन कैलाश नगर निवासी जुबैदा अंसारी ने आरोप लगाया था कि क्योलड़िया क्षेत्र स्थित उनके प्लॉट पर केलाडांडी गांव निवासी समेत कई लोगों ने कंटीले तार लगाकर कब्जा कर लिया। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर राजस्व विभाग की जांच कराई गई थी। बाद में लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर 2 अप्रैल को थाना क्योलड़िया में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य त्रिवेंद्र गंगवार ने लेखपाल की रिपोर्ट को गलत बताते हुए विधायक डॉ. एमपी आर्य से शिकायत की थी। शिकायत के बाद विधायक मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। वहां उन्होंने लेखपाल की रिपोर्ट और प्रशास. निक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए एसडीएम से जवाब-तलब किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बातचीत के



दौरान विधायक ने एसडीएम उदित पवार से कहा कि यदि वे अपने पद की जिम्मेदारियां सही ढंग से नहीं निभा सकते तो पद छोड़ दें। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखपाल को बुलाने की मांग की, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में कार्यवाहक तहसीलदार अभिषेक तिवारी ने हस्तक्षेप कर विधायक और कार्यकर्ताओं को समझाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ और सभी लोग वापस लौट गए।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, अधिवक्ता श्रीपाल गंग. वार, सभासद हसीव सिद्दीकी, कॉलोनाइजर नफीस अहमद अंसारी, रोहित गंगवार, निर्मल गंगवार, छेदा लाल गंगवार, किंग गंगवार आदि शामिल रहे। इस मामले में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने बताया कि तहसील के एक लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट लगाई गई थी, जिस पर कस्बे की एक महिला ने थाना क्योलड़िया में एक रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। उसके बाद तहसील कर्मियों द्वारा जांच करने पर जयगुरुदेव आश्रम की जगह सही पाई गई, लेकिन तारकशी का रिपोर्ट में कोई जिक्र नहीं किया गया था। मैं आज इसे मामले को लेकर एसडीएम उदित पवार से मिलने गया था, और उन्होंने एसडीएम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी।

# बड़े मंगलवार पर धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स ने किया शरबत वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बढ़ती गर्मी और जेठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड इकाई द्वारा सिंधौली चौराहे पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।



कार्यक्रम का संचालन इकाई प्रमुख सरबजीत सैनी के निर्देशन में किया गया। इस दौरान फैक्ट्री के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कारखाना प्रबंधक अरविंद गंगवार, महेंद्र अग्रवाल, जय गोपाल चावला, प्रदीप कुमार, अभिषेक शर्मा, संजय कुमार सिंह, जय कुमार, अनिल गुप्ता, संजय यादव, संतोष राठौड़, ओमेंद्र सिंह, आशुतोष कुमार, हिमांशु अग्रवाल, नितिन जौहरी, शिवम सिंह, राजू प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, मो. हित, सनी, नवनीत, जगविंदर, अरविंद सिंह, उमाशंकर ओझा, अजीत सिंह एवं अमरेश राय सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कंपनी प्रबंधन ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों और आमजन को राहत एवं सहयोग प्रदान किया जा सके।

# चौपला ओवर ब्रिज की मरम्मत में लापरवाही पर भड़के कैंट विधायक

■ मौके पर पहुंच इंजीनियरों को लगाई जमकर फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली ।** शहर के सबसे व्यस्ततम चौपला ओवरब्रिज पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कार्य की धीमी रफ्तार और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद इंजी. नियरों को जमकर फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



गौरतलब है कि चौपला ओवर ब्रिज पर मरम्मत कार्य के चलते 90 दिनों के लिए आवागमन बंद किया गया है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि पुल पर बेहद धीमी गति से काम किया जा रहा है और मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है उन्होंने कहा कि ना तो सीमेंट का सही तरीके से उपयोग किया जा रहा है और ना ही पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाए गए हैं मात्र पांच मजदूरों के सारे कार्य की औपचारिकता पूरी की जा रही है। विधायक संजीव अग्रवाल ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि चौपला ओवर ब्रिज उनकी विधानसभा में ही नहीं बल्कि पूरे शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुल बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी उन्होंने इंजीनियरों को अल्टीमेट देते हुए निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य पूरा कर पुल को आम जनता के लिए खोलने के दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए साथ ही गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि यदि कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्वक तरीके से नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी उन्होंने मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए।इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ अरुण कश्यप महानगर उपाध्यक्ष अमरीश कठेरिया हरवंश सिंह संजीव सिंह चौहान राजेश गुप्ता सुधीर भटनागर मनजीत सिंह नागपाल श्याम सिंह चौहान सौरभ कुमार बृजेश पाल बृजेश मिश्रा नीरज श्रीवास्तव सुंदरम सक्सेना आकाश सक्सेना आदि लोग साथ रहे।

# तेज गर्मी ने लोगों का हाल किया बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मौसम बदलते ही कई प्रकार की बीमारियाँ लोगों को घेर लेती हैं। खासकर गर्मी से बरसात या सर्दी में प्रवेश करते समय शरीर की प्रति. रोधक क्षमता पर असर पड़ता है जिससे जुकाम, खांसी, बुखार, एलर्जी और पाचन संबंधी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे समय में खानपान और जीवनशैली में सावधानी बेहद जरूरी हो जाती है।



**बदलते मौसम में स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान, खानपान पर रखें खास नजर**

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गयास अंसारी बताते हैं कि बदलते मौसम में शरीर को अचानक होने वाले तापमान में उतार चढ़ाव के अनुसार ढलने में समय लगता है। ऐसे में अगर हम खानपान और हाइजीन पर ध्यान नहीं देते तो सर्दी खांसी वायरल फीवर और एलर्जी के शिकार हो सकते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। इस मौसम में विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, आंवला, नींबू आदि का सेवन बढ़ाना चाहिए। इसके अलावा हल्का, सुपाच्य और घर का बना ताजा भोजन ही करना चाहिए। बाजार के तले भुने या खुले में रखे खाने से बचना चाहिए। बदलते मौसम में शरीर की इम्युनिटी कमजोर होती है इसलिए हमें अपनी डाइट में एंटीऑक्सिडेंट्स और प्रोटीन को शामिल करना चाहिए। हरी सब्जियां, मौसमी फल, सूखे मेवे, दालें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है।

वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर हारिस अंसारी ने बताया कि दिन की शुरुआत गुनगुने पानी में शहद और नींबू के साथ करें। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि इम्युनिटी भी बढ़ाता है। इसके अलावा, रोजाना कम से कम तीस मिनट की हल्की कसरत योग या प्राणायाम भी सेहत के लिए फायदेमंद है। मौसम के इस बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए और लापरवाही से बचना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी बरतने से केवल बीमारियों से ही नहीं बचा जा सकता है, बल्कि शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान भी रखा जा सकता है।

# शीशगढ़ में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उप जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार अरविंद कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शीशगढ़ स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

निरीक्षण टीम में नवागंतुक नायब तहसीलदार शाही सिमरन मथानिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुनका के चिकित्साधिकारी डॉ. वसीम भी शामिल रहे। छापेमारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों में हड़कंप मच गया। कई संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर बंद कर फरार हो गए।जांच के दौरान श्रद्धा अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद मिला, जबकि आयुषी अल्ट्रासाउंड केंद्र, रामगंगा अल्ट्रासाउंड केंद्र और ओम अल्ट्रासाउंड केंद्र सहित अन्य केंद्रों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय किसी भी केंद्र पर रेडियोलॉजिस्ट अथवा संबंधित चिकित्सक मौजूद नहीं मिले।टीम ने मां अल्ट्रासाउंड, लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड तथा एसआर हॉस्पिटल में संचालित अल्ट्रासाउंड सुविधाओं की भी



जांच की। जांच में एक केंद्र बिना पंजीकरण के संचा. लित पाया गया, जबकि अन्य कई केंद्र स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे।नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने बताया कि निरीक्षण में मिली अनियमितताओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संचालकों को बिना पंजीकरण और बिना योग्य रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति के अल्ट्रासाउंड जांच न करने की सख्त चेतावनी भी दी है।

# साइबर क्राइम, महिला उत्पीड़न और संगठित आरोप पर डीआईजी की पैनी नजर

■ डीआईजी ने पुलिस कर्मियों को दिया अल्टीमेटमकानून व्यवस्था में लापरवाही किसी कीमत पर नहीं होगी बर्दाश्त

■ पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय पर डीआईजी का जोर, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**( मो0 इरफान मुनीम )**



**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने मंगलवार को परिक्षेत्र के चारों जनपदों के पुलिस कप्तानों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और लंबित विवेचनाओं को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत और पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर मौजूद रहे।

बैठक में डीआईजी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर समाप्त किया जाए, ताकि जनता का भरोसा पुलिस व्यवस्था पर बना रहे।

पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर देते हुए डीआईजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखने और अफवाहों का समयबद्ध खंडन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।

सीसीटीएनएस पर 60 और 90 दिनों से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण विवेचना के साथ शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही ई-साक्ष्य ऐप के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए कहा गया कि विवेचनाओं में वीडियो ग्राफी बयान, फोटो, फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ई-समन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए न्यायालयों से समन्वय स्थापित कर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई-समन जारी कराने तथा उनकी समयबद्ध तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यक्ष ऐप पर डेटा फीडिंग की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने सभी अधिकारियों को शत-प्रतिशत और नियमित डेटा अपलोड सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि अपराधियों की पहचान और निगरानी अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में एनडीपीएस एक्ट की धारा 68ई/68एफ, पिट एनडीपीएस एक्ट और ऑपरेशन दहन के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। डीआईजी ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई तेज करने को कहा गया।

जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, प्रवर्तन अभियान बढ़ाने और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान को और प्रभावी बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## सोशल मीडिया और साइबर अपराध पर रहेगी पैनी नजर

डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर पुलिस लगातार नजर रखे। साइबर अपराधों के मामलों में तत्काल कार्रवाई, लीन अमाउंट रिकवरी और साइबर हेल्प डेस्क को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। साइबर थानों के साथ-साथ सामान्य थानों में भी साइबर अपराध संबंधी कार्रवाई को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## महिला सुरक्षा, भर्ती परीक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष फोकस

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा और महिला बीट प्रणाली को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस भर्ती-2025 की प्रस्तावित परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया। जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों के सख्त पालन और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए।

महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चल रहे अभियानों की समीक्षा की गई। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन और महिला बीट प्रणाली को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला उत्पीड़न और दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामलों की विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण कराने और दहेज उत्पीड़न के मामलों की विवेचना महिला थाने से कराने के निर्देश दिए गए।

साइबर अपराधों को लेकर डीआईजी ने साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और साइबर अपराध से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साइबर अपराध से जुड़े लीन अमाउंट की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को रिकवरी और निस्तारण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा साइबर थानों और अन्य थानों पर साइबर अपराध से संबंधित कार्रवाई की भी समीक्षा की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की प्रस्तावित लिखित परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं, पारदर्शिता और संवेदनशील बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीआईजी ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

हत्या, लूट, स्नेचिंग, नकब. जनी, वाहन चोरी, फिरौती, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, धर्मांतरण और सांप्रदायिक संघर्ष जैसे गंभीर अपराधों में की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। साथ ही माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, एसआर केस, निरोधात्मक कार्रवाई और पुरस्कार घोषित वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान को तेज करने को कहा गया। गुंडा अधिनियम, गौवध निवारण अधिनियम, सशस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। गौकशी की घटनाओं में शामिल गौतस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और एनएसए के प्रकरणों में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया। बैठक के अंत में डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि बरेली परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

## एक नजर

# एसएसवी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सुरेश शर्मा नगर स्थित एसएसवी पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। कैंप में नर्सरी, किंडरगार्डन और प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कैंप के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए फायरलेस फूड मेकिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट, पेंटिंग, डांस, मूवी टाइम, एरोबिक्स, योगा, पूल पार्टी और ताइक्वांडो जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

बच्चों को खेल-खेल में अनुशासन, शिष्टाचार, टीमवर्क और आत्मविश्वास का भी प्रशिक्षण दिया गया।विद्यालय की अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने कहा कि समर कैंप बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। समापन अवसर पर बच्चों ने कैंप के दौरान सीखी गई गति. विधियों का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कंचन शर्मा, विनीता सिंह, नेहा शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, पल्लवी सिंह और रेनू गोयल सहित शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षक एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शिक्षक विधायक परिषद डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के मीरगंज आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने सिंधौली चौराहे पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।



स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत वित्तविहीन विद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षकों को लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। सरकार शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस अवसर पर चौधरी छत्रपाल सिंह, अजय वीर सिंह, रामौतार मौर्य, यशवंत सिंह, ओमवीर सिंह, कृतज्ञ सिंह, तेजपाल फौजी, आदेश पाल गंग. वार, रमेश चंद्र गंगवार, सोनू गुप्ता, सुधीर शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से भी एमएलसी को अवगत कराया।

# रास्ते पर कब्जे का आरोप, ग्रामीण ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया सानी निवासी लाल सिंह गंग. वार ने उपजिलाधिकारी मीरगंज को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से रास्ता खुलवाने और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।लाल सिंह का आरोप है कि गांव के चन्द्रपाल, रामप्रकाश और राजेश्वरी उनके आवागमन के रास्ते में वाहन, पशु और अन्य सामान खड़ा कर रास्ता बाधित कर रहे हैं। इससे उन्हें आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रास्ते को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है और वर्ष 2023 में मारपीट की घटना भी हुई थी।पीड़ित के अनुसार पूर्व में प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में अवरोध हटवाया गया था, लेकिन इसके बावजूद दोबारा रास्ता घेर लिया गया। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम से मामले की जांच कर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

# सपा विधानसभा उपाध्यक्ष नावेद खां ने दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** समाजवादी पार्टी के मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष नावेद खां ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है।नावेद खां ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों और अपने सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वह अपने जमीर के साथ समझौता नहीं कर सकते, इसलिए उन्होंने संगठन के पद से हटने का फैसला किया है।उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा मीरगंज विधानसभा अध्यक्ष को प्रेषित कर दिया है। उनके इस्तीफे के बाद क्षेत्र की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हालांकि, उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता को लेकर कोई स्पष्ट जानक. ारी नहीं दी है। वहीं, स्थानीय राजनीतिक गलियारों में उनके इस्तीफे को लेकर विभिन्न चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पार्टी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कप्तान के आदेश पर दर्ज हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट के एक आरोपी को छह माह बाद पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पुलिस कितनी जिम्मेदारी से अपना कार्य करती है इसका एक जीता जागता प्रमाण थाना नवाबगंज में देखने को मिला है।

कस्बे के एक व्यक्ति मो0 साबिर ने नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के गाटा संख्या 305 मि में से 128 वर्ग गज का प्लॉट यूसुफ और उसकी पत्नी कौशर जहां से 1 लाख 53 हजार रुपए में खरीदा था, और एक नोटरी रसीद लिखवा ली थी। आरोप है कि उपरोक्त लोगों द्वारा नोटरी रसीद लिखवाए जाने के दौरान नगर के अब्दुल रउफ ने गवाही दी थी। बताया जाता है कि युक्त लोगों ने प्लॉट खरीदने वाले साबिर को बैनामा न कराकर दूसरे व्यक्ति कासिम खां को बेचकर बैनामा करा दिया। जब साबिर ने इस पर एतराज जताया तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। आरोप है कि उसकी धनराशि को उक्त लोगों ने हड़प लिया है।

इस मामले में तहसील दिवस में शिकायत किए जाने के बाद जब पुलिस ने इसकी जांच की तो शिकायत की पुष्टि हुई। जिस पर 6 माह पहले एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी यूसुफ, उसकी पत्नी कौशर के साथ ही अब्दुल रउफ के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की थी। एक दिन पहले पुलिस ने घटना के एक आरोपी अब्दुल रउफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त से आज भी दूर हैं।

# हेड पंपों का ही सूखा गला आमजन की कैसे बुझेगी प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** जल ही जीवन है इसे लेकर सभी बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं सपने दिखाए जाते हैं। लेकिन यहाँ प्यास बुझाने के लिए प्रशासनिक स्तर से कोई तैयारी ही नजर नहीं आ रही है। जिसके कारण शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह लगे सरकारी हेड पंप खराब पड़े हैं। इसमें कहीं तकनीकी समस्या होती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गन्ना भुगतान न करने पर डीएम ने लगाई फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान जनपद की सभी चीनी मिलों के हेड को पेराई सत्र 2025-26 का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बजाज चीनी मिल के प्रबंधक को गन्ना मूल्य भुगतान न करने पर कड़ी फटकार लगाई है।



जिलाधिकारी श्री चौहान मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में किसान संगठनों, चीनी मिल के अधिकारियों, उप गन्ना आयुक्त, एवं जिला गन्ना अधिकारी के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने चीनी मिल टोडरपुर के शेयर होल्डर राणा ग्रुप को पेराई सत्र 2024-25 का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए भुगतान करने के निर्देश दिये गये।

चीनी मिल गागलहेडी, बिडवी एवं गांगनौली के यूनिट हैड को पेराई सत्र 2025-26 का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिये गये। चीनी मिल टोडरपुर पर पेराई सत्र 2024-26 को 20 करोड तथा चीनी मिल गागलहेडी, बिडवी एवं गांगनौली पर पेराई सत्र 2025-26 का क्रमशः 14.75 करोड, 21.58 करोड तथा 124.16 करोड बकाया है।

बैठक में उप गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, चीनी मिल गागलहेड़ी, बिड़वी एवं गांगनौली के यूनिट हैड तथा चीनी मिल टोडरपुर के शेयर होल्डर राणा ग्रुप के प्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं किसान आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भागवत कथा का समापन

**गंगोह।** श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को समापन किया गया। कथा का समापन यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिससे पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोषों से गूंज उठा।

कालेज मार्ग स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास सुधीर शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, उनके उपदेशों और धर्म, भक्ति तथा सत्कर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आपसी प्रेम, भाईचारा, सेवा भावना और भारतीय संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# 6 को करेंगे विरोध प्रदर्शनः संदीप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि आज भाजपा सरकारे अपनी विफलता के विभिन्न मुद्दों को छिपाने के लिए जनता का ध्यान असली मुद्दों से भड़काने के लिए देश में सांप्रदायिकता का जहर खोल रही है। जिसके विरोध में छह जून को काग्रेंस विरोध प्रदर्शन करेगी।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। संदीप राणा ने कहा कि आज देश के सामने महंगाईए बेरोजगारी शिक्षा का गिरता स्तर परीक्षाओं के लीक होते प्रश्नपत्र महिलाओं दलितों पिछड़ों व कमजोर तबकों के प्रति बढ़ती आपराधिक घटनाएं जहां एक तरफ आम लोगों की परेशानियों का सबक बन रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकारों का इन समस्याओं के प्रति लापरवाह रवैया इस स्थिति को और अधिक गंभीर व विकट बना रहा है। बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने हिंदू रक्षादल की पूर्व जिलाध्यक्ष अमनदीप कौर व उनकी सहयोगी तान्या चौहान को कांग्रेस का पटका पहनकर उनका कांग्रेस में स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा करते हुए बिट्टू चौधरी रामपुर मनिहारा, अबरार राव मुजफ्फराबाद, पवन राणा पुवारका, चौधरी नवाब अली नकुड, गालिब चौधरी सरसावा, कय्यूम प्रधान बलिया खेड़ आदि सहित पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए साथियों सहित 6 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी।

# दैवीय आपदा के बाद खुले मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** शाकंभरी खोल में आई अचानक बाढ़ के बाद एहतियातन बंद किए गए सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे मां शाकंभरी देवी की विशेष आरती के साथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन-पूजन किए।



जल प्रलय के बाद मंदिर प्रशासन ने 29 मई से 1 जून तक मंदिर के कपाट बंद रखने का निर्णय लिया था। मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने बताया कि मौसम की स्थिति सामान्य होने और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद मंगलवार से मंदिर को पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह 5 बजे आरती के साथ कपाट खोले गए और अब श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह से रात 9 बजे तक मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर सकेंगे।

# सहारनपुर के खिलाड़ियों ने जीते 28 पदक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नोएडा मे आयोजित हुई तीन दिवसीय नॉर्थ जोन जू-जित्सु प्रतियोगिता मे सहारनपुर के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड, 6 सिल्वर और 10 कांस्य पदक जीत कर सहारनपुर समेत उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर दिया।



सहारनपुर जू-जित्सु एसोसिएशन के सचिव मोहित शर्मा ने बताया कि नॉर्थ जोन जू-जित्सु प्रतियोगिता में सहारनपुर के खिलाड़ियों ने निवाजा और फाइटिंग सिस्टम में 28 पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। उन्होने बताया की प्रतियोगिता मे सहारनपुर के हिमांशु करनवाल ने दो स्वर्ण पदक, कुणाल पुंडीर ने दो स्वर्ण पदक, सक्षम सहगल ने दो रजत पदक, नमन रोहिला ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक, यथार्थ कुलवंशी एक कांस्य व एक रजत पदक, गगन सिंह राठौड़ ने दो स्वर्ण पदक, नित्यम शर्मा ने दो स्वर्ण पदक, आन्या सैनी ने दो स्वर्ण पदक, देव यादव ने दो कांस्य पदक, अविराज ने दो कांस्य पदक, सुहानी धीमान ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक, वंशिका कश्यप ने एक कांस्य पदक, नूपुर ने एक रजत पदक व एक कांस्य पदक, लक्ष्य ने दो कांस्य पदक, अभिनव सैनी ने दो स्वर्ण पदक, दुर्वेश सैनी ने दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। स्वागत समारोह मे राजेश धीमान व सहारनपुर जू-जित्सु एसोसिएशन के सचिव मोहित शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। पदक जीतने पर खिलाड़ियों को भारतीय कुराश महासंघ के सचिव विक्रांत कश्यप, भारतीय जु जुत्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय जोशी, सचिव अमित अरोड़ा, अमित चौधरी, यश शर्मा, दिव्यांश कश्यप, अंतरिक्ष सैनी, राघव कृष्णा आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

# राहगीरों व वाहन चालकों को ठंडे शरबत का वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** आसमान से बरसती आग और उमस भरी गर्मी के बीच तीतरों नगर के श्री सरस्वती इंटर कॉलेज के सामने स्थानीय दुकानदारों ने मानवता और सेवा भाव का परिचय देते हुए मीठे शरबत की छबील लगाई। दुकानदारों ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडा मीठा शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई।

राहगीरों ने शरबत पीकर न केवल अपनी प्यास बुझाई बल्कि आयोजकों के इस सेवा कार्य की भी सराहना की। बढ़ती गर्मी के दौर में इस प्रकार के जनहित और समाजसेवा के कार्य लोगों को राहत देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। रमन सैनी, अंकुश चौधरी, जबर सिंह, सुशील कुमार, मुन्ना, विकास कुमार, नीरज सैनी, बोबी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा कार्य आयोजित किया गया है, ताकि राह चलते लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। छबील के दौरान लोगों को ठंडा मीठा शरबत पिलाने के साथ स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया।

## थाना देहात कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े दो वांछित

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने बलवा के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक जगवीर सिंह के नेतृत्व में बलवा के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों शिवम भास्कर पुत्र सुखवीर व अनूप पुत्र चंद्रपाल निवासीगण ताहरपुर थाना कोतवाली देहात को रामनगर चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# एन को हरा टीम एम 22 रन से जीती



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित अंडर-12 समर क्रिकेट लीग में मंगलवार को टीम एम और टीम एन के बीच मुकाबला खेला गया। टीम एन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट पर 143 रन बनाए और बाद में टीम एम को 120 रन पर रोककर 22 रन से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम एन की ओर से अंकित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 86 रन बनाए। जतिन ने 14 रन का योगदान दिया। टीम एम की ओर से लक्ष्य ने दो विकेट हासिल किए।144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम एम निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना सकी। टीम की ओर से वरुण ने सर्वाधिक 58 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम एन की ओर से अंकित और जतिन ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान कोच राजीव गोयल टप्पू, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विकास पंवार जिलाध्यक्ष व विकास जैन महासचिव बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ का सर्वसम्मति से विकास पंवार को जिलाध्यक्ष तथा विकास जैन को जिला महासचिव चुना गया।



पेपर मिल रोड स्थित एक पैलेस पर आयोजित सम्मेलन में प्रदेश संगठन मंत्री विनोद आर्य एवं जिला संगठन मंत्री प्रमोद कुमार की देखरेख में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों और नगरों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराए गए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विकास पंवार को जिलाध्यक्ष तथा विकास जैन को जिला महासचिव चुना गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पवन सिंह राठौड़ ने कहा कि महासंघ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था के तहत मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करता रहा है।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विकास पंवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में श्याम सिंह वर्मा, देशबंधु शर्मा, ग्रामीण इंदरौसी, कृष्ण मोहन मिश्रा, श्याम सिंह वर्मा, बलबीर यादव, डॉ. बलवीर सिंह सैनी, सोमवीर शर्मा, रविंद्र कुमार, हेमंत अरोड़ा, विश्वकांत शर्मा, रामपाल सिंह, दिनेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, सतीश शर्मा, विशेष सैनी, विजयपाल सिंह, महक सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओमपाल सैनी, प्रवीण शर्मा, संजीव कुमार, दुष्यंत चौधरी, हिमांशु पुंडीर, रोहताश पंवार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौड़ एवं संचालन विकास पंवार एवं बलकार सिंह ने किया।

# पूर्व सभासद इरशाद निजामी का हृदयगति रुकने से इंतकाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद इरशाद निजामी का दोपहर अचानक हार्ट फेल होने के कारण इंतिकाल हो गया। उनके इंतकाल से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपर 3 बजे उनके फोन पर किसी की कॉल आयी, जब उन्होंने कॉल अटेंड नहीं की और फोन बजता रहा तो उनके परिजनो ने उन्हें आवाज दी, कोई जवाब न मिलने पर वह घबरा गए और तुरन्त उन्हें लेकर एक निजी चिकित्सक को दिखाया। वहां से उन्हें सरसावा रोड़ स्थित देवऋषि हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने जांच कर इरशाद निजामी को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही उनके निधन की खबर घर पर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि उनके निधन की खबर आम होते ही, कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

इरशाद निजामी की नगर में पहचान एक मिलनसार व्यक्ति के रूप में थी। उनके आकस्मिक निधन पर पूर्व चेयरमैन व बसपा नेता शाहनवाज खान, पूर्व चेयरमैन खालिद खान व युवा नेता साहिल खान, पूर्व चेयरमैन एड. धनीराम सैनी, आरएन टैगोर इंटर कॉलेज प्रबंधक चन्द्रशेखर मित्तल, अध्यापक राजेश जैन, हरि कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनपी राठौर, भाजपा नेता पवनसिंह राठौर, बसपा नेता डॉ. इस्लाम अहमद व डॉ. जीशान अहमद सन्नी, कॉंग्रेस नेता हाजी याकूब कुरैशी, व्यापारी नेता इरशाद प्रभारी, मनोज गोयल, पंकज जैन, मोहनलाल आर्य, सभासद आमिर कुरेशी, राव जीशान, जुनैद असगर, फरमान निजामी, देवेन्द्र कुमार, एड. वरुण मित्तल, एड. अनुज गर्ग, अमजद खान, सभासद प्रतिनिधि हसीब निजामी, दिलशाद कुरैशी, हैदर अली, अमीर आलम, पूर्व सभासद शमशाद अली खान, पूर्व सभासद शबाना सिद्दीकी, याकूब निजामी, अफजाल निजामी, आसिफ राणा, डॉ. इदरीस, अभिषेक जैन, त्रिलोक चंद, सलेखचन्द बर्मन, महेश कुमार, मुनेश चंद, एवं इनाम निजामी, इरफान निजामी, लियाकत निजामी, डॉ.असलम खान, सुलेमान खान, जावेद सैफी, सैफुल इस्लाम पत्रकार नदीम निजामी, फरमान निजामी, मनोज धनगर, हमसफर सामाजिक संस्था संरक्षक इस्लाम कुरैशी, संस्था अध्यक्ष डॉ. साकिब खान, कोषाध्यक्ष व पत्रकार काजी शाहिद अहमद सहित विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।

# निधन के बाद परिजनों ने दान की आंखें

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** रमेश मित्तल के निधन के बाद उनके परिजनों द्वारा नेत्रदान किया गया। इस प्रेरणादायी कार्य के लिए सोमवार को आयोजित शोकसभा में सामाजिक संस्था दृष्टि एक प्रयास ने उनके परिजनों को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष अमित गर्ग व पूर्व प्रैस क्लब अध्यक्ष अरविंद टेबक ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रमेश मित्तल का यह कार्य समाज को लंबे समय तक मानव सेवा का संदेश देता रहेगा। उन्होंने नेत्रदान को महादान बताया, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में फिर से रोशनी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रमेश मित्तल के निधन के उपरांत उनके पुत्र विशाल मित्तल, विभोर मित्तल व वैभव मित्तल ने परिवार की सहमति से नेत्रदान कराने का निर्णय लिया। शोकसभा में डा. महेश गर्ग, गगन, पीयूष, राजेश्वर शर्मा, अरविंद शर्मा, संजय, विनीत, एसआर, मुकेश गुप्ता, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।



# समस्याओं पर कार्यवाही के निर्देश

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अतिक्रमण सम्बंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रवर्तन दल तथा सफाई सम्बंधी समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। नौ समस्याओं में से एक समस्या का तत्काल समाधान कराया गया।



वार्ड 04 पंत विहार निवासी देशपाल शर्मा ने ओम चौक पर नालियों से अतिक्रमण हटाने, वार्ड 06 हलालपुर निवासी संजीव शर्मा ने पड़ौसी द्वारा अवैध रुप से दीवार बनाकर अतिक्रमण करने की ओर ध्यान दिलाते हुए उसे हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वार्ड 46 ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी सुभाष प्रजापति ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उठाया गया सामान वापिस दिलाने की मांग की। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 04 जे जे पुरम निवासी राजेंद्र कुमार ने कॉलोनी में नाली की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर अविलंब समस्या का समाधान करा दिया गया। इसके अलावा वार्ड 43 पीर जियो वाली मस्जिद निवासी नाजिर जमाल ने भी साफ सफाई कराने तथा देशपाल शर्मा ने ओम चौक की नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर अविलंब कार्रवाई करने को कहा है।

इसके अतिरिक्त वार्ड 16 शिवाजी नगर निवासी धर्म सिंह ने खराब पड़ी लाइटों को ठीक कराने, वार्ड 07 आदर्श नगर निवासी अमित कुमार ने आदर्शनगर में बंद सीवर लाइन को खोलने व सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नगर के विकास की अहम कड़ी रहे हैं संजय गर्ग

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में जुटे रहे पूर्व विधायक, कई तालाबों को बचाने के लिए उठाए मुद्दे

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश और विशेषकर सहारनपुर की सियासत में संजय गर्ग एक ऐसा नाम है जो अपनी सादगी, बेदाग छवि और जमीनी पकड़ के लिए जाना जाता है। लगभग चार दशकों से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे संजय गर्ग सहारनपुर नगर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं और मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। हालांकि साल 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया, लेकिन समाजवादी सरकार और विधायक के रूप में उनके द्वारा सहारनपुर में कराए गए कार्यों की छाप आज भी शहर में देखी जा सकती है।

संजय गर्ग जब समाजवादी सरकार के दौरान और बाद में 2017 में विधायक चुने गए, तो उनका सबसे बड़ा फोकस सहारनपुर नगर के बुनियादी ढांचे को सुधारने पर था। उन्होंने नगर की आंतरिक सड़कों, कोर्ट रोड, बेरी बाग और व्यापारिक क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण और पक्कीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक वैश्य चेहरे के रूप में उन्होंने स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के सामने रखा और बाजारों में बिजली-सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करवाया। दिल्ली रोड पर ग्राम मौहम्मपुर माफी स्थित जोहड को बचाये रखने में संजय गर्ग ने अपना अहम योगदान दिया। शासन द्वारा इस जोहड को मंडलायुक्त आवासीय भवन के लिये आरक्षित कर दिया था। जिसका संजय गर्ग द्वारा वर्ष 2019 में विधानसभा में विरोध किया गया और उसका नतीजा यह रहा कि यह जोहड बच गया और आज एक तालाब के रूप में निगम द्वारा विकसित किया जा चुका है।



संजय गर्ग ने वार्ड नं. 66 नदीम कॉलोनी में खसरा खतौनी में दर्ज जोहड़ को नगर निगम द्वारा कूड़ा डालकर पाट देने का मामला भी 14 फरवरी 2020 को नियम 51 के अंतर्गत प्रमुखता से उठाया था। जिस पर सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा कि उक्त स्थान से कूड़ा हटाकर उस स्थान का सौन्दर्यकरण कराया जाएगा। लाखों लोगों की आस्था और श्रद्धा के केन्द्र गंगोह रोड स्थित गुग्घा माहड़ी स्थल के आसपास फैले जोहड़ पर कुछ दबंगों एवं भूमाफिया लोगों द्वारा कब्जा करने का मुद्दा भी नियम 51 के तहत 22 फरवरी 2021 को उठाया गया तो सरकार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा उक्त जोहड़ को कब्जा मुक्त कराकर उसे पुनः जोहड़ का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। विधायक निधि और सरकारी कोष के माध्यम से उन्होंने स्थानीय कॉलेजों और स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए भारी बजटीय आवंटन कराया। उन्होंने अपनी विधायक निधि का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी भेदभाव के सभी समुदायों के इलाकों में गलियों के निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स और स्ट्रीट लाइट्स लगवाने में खर्च किया। यद्यपि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की स्थापना बाद में हुई, लेकिन सहारनपुर में एक राज्य विश्वविद्यालय की मांग को विधानसभा के पटल पर पुरजोर तरीके से उठाने वाले नेताओं में संजय गर्ग प्रमुख थे। सहारनपुर एक बेहद संवेदनशील जिला माना जाता है। 1996, 2002 और फिर 2017 में जब उन्होंने कठिन राजनीतिक परिस्थितियों में भी जीत दर्ज की, तो उसका मुख्य कारण उनकी सर्वसमाज में स्वीकार्यता थी।

वर्ष 2024 की शुरुआत में संजय गर्ग ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। संजय गर्ग की कहानी केवल एक दल से दूसरे दल में जाने की नहीं है, बल्कि सहारनपुर की स्थानीय समस्याओं को बारीकी से समझने वाले एक गंभीर राजनेता की है। समाजवादी सरकार में मंत्री रहने के दौरान लिए गए उनके नीतिगत फैसले और शहर के चौराहों से लेकर गलियों तक कराए गए कार्य आज भी सहारनपुर की जनता के बीच उनकी मजबूत साख की गवाही देते हैं।

# प्रदेश सराकार ने दी बिलासपुर में करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात

## राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने मिलक तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधायक निधि एवं ब्लॉक निधि से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री ने ग्राम हरदासपुर, देवरी बुजुर्ग, देवरी बुजुर्ग मझरा, एमी तथा खमरिया में सीसी रोड, नाली एवं खड़ंजा मार्गों का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं पर लगभग 24 लाख रुपये की लागत आई है। उन्होंने कहा कि गांवों तक सड़क, बिजली, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। राज्यमंत्री औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और



मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास एवं सुशासन की नई मिसाल कायम हो रही है। बिलासपुर विधानसभा में भी ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नई सड़कों और बेहतर जल निकासी व्यवस्था से गांवों की तस्वीर बदल रही है तथा लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिल रही है।

## बिना लाइसेंस चाय पैकिंग यूनिट पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने बिना लाइसेंस संचालित चाय पैकिंग यूनिट पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने बरेली गेट स्थित राजा टी ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विभिन्न ब्रांड की चायपत्ती के पांच नमूने लिए गए। साथ ही करीब 17 कुंतल 24 किला. ग्राम चायपत्ती, जिसकी अनुमानित कीमत 3.08 लाख रुपये है, को सीज कर दिया गया। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान बिना वैध लाइसेंस के रिपैकिंग और खाद्य कारोबार संचा. लित कर रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मौके पर संचालित पैकिंग यूनिट और मशीन को भी सील कर दिया गया। विभाग ने संबंधित कारोबारी के खिलाफ सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई से क्षेत्र के खाद्य कारोबा. रियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 18 जुलाई तक धारा-163 लागू, बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन और जुलूस पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आगामी टीजीटी परीक्षा, मोहर्रम तथा अन्य धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और 18 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी। एडीएम ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस, पदयात्रा तथा अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही टीजीटी परीक्षा और मोहर्रम को देखते हुए जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना




आवश्यक है। इसी उद्देश्य से धारा-163 के तहत कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा अथवा अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं कर सकेगा। अनुमति प्राप्त कार्यक्रमों में भी निर्धारित स्थान, समय और मार्ग का पालन करना अनिवार्य होगा। भड़काऊ भाषण, नारेबाजी और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। टीजीटी परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फोटोस्टेट मशीन, पीसीओ और साइबर कैफे के संचालन पर रोक लगाई गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और आवश्यक लेखन सामग्री ले जाने की अनुमति होगी। नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बिना अनुम. ति ड्रोन और मानव रहित हवाई वाहनों के संचालन पर भी प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन, हर्ष फायरिंग, विस्फोटक सामग्री का संग्रह तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियां भी प्रतिबंधित रहेंगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक और अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि वाले उपकरणों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। एडीएम डॉ. नितिन मदान ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## ई-रिक्शा चालक ने रोडवेज परिचालक को टक्कर कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बिलासपुर रोड पर रविवार रात हुए सड़क हादसे में रोडवेज बस के एक परिचालक घायल हो गए। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला श्रीराम कॉलोनी निवासी मंगलसेन रोडवेज बस में परिचालक के पद पर कार्यरत हैं। रविवार रात करीब नौ बजे वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बरेली से रोडवेज बस द्वारा मिलक पहुंचे थे। बस से उतरने के बाद वह पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर रोड स्थित आर.के. पैलेस के सामने पीछे से तेज गति में आ रहे एक ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मंगलसेन सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में चोट लग



गई। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद ई-रिक्शा चालक बिना रुके वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्रवासियों ने तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

## मारपीट कर 50 हजार रुपये लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव लाडपुर सेमरा निवासी गुलफाम पुत्र सगीर ने कुछ लोगों पर मारपीट कर 50 हजार रुपये लूटने का आरा. प लगाया है। उन्होंने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुलफाम के अनुसार वह सोमवार शाम अपने बागीचे की लीची बेचकर घर लौट रहे थे। मलंगों के मझरे के पास पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन्हें रोक. कर मारपीट की और जेब में रखे करीब 50 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने इमरान, इरफान पुत्र यासीन समेत कुछ अज्ञात लोगों को नामजद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लकड़ी से भरी ट्रॉली खाई में पलटी, चालक गंभीर घायल

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ढकिया रोड पर महुनगर मोड़ के निकट मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। लकड़ी (लिपटिस) से भरी ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक राहुल पुत्र निवासी केसरपुर ढकिया की ओर से ट्रॉली में लकड़ी लेकर शाहबाद आ रहा था। जैसे ही वाहन महुनगर मोड़ के पास पहुंचा, अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रॉली सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग सहायता के लिए



दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चालक राहुल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में ट्रॉली को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

## सीएचसी स्वार में तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान, चिकित्सकों व कर्मचारियों ने ली शपथ

**भास्कर ब्यूरो**

**स्वार।** विश्व तंबाकू निषेध अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार चंदेल के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सालय परिसर में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और उसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार चंदेल ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी सहित अनेक घातक रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने लोगों से तंबाकू उत्पादों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम



के अंत में डॉ. चंदेल ने सभी उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते हुए तंबाकू सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना की और तंबाकू मुक्त समाज बनाने में सहयोग का संकल्प लिया।

# शाहबाद में पी.टी.ओ का बड़ा एक्शन

## यात्रियों से खचाखच भरी डग्गामार बस सीज, 50 हजार रूपये का लगाया जुर्माना

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** परिवहन विभाग ने मंगलवार को शाहबाद के आंवला चौराहे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अनधिकृत रूप से संचालित रमन बस सर्विस की बस (UP 15 GT 6619) को सीज कर दिया। संयुक्त अभियान के दौरान बस में क्षमता से अधिक सवारियां मिलने,आवश्यक दस्तावेजों की कमी और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार पीटीओ होरीलाल वर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग और पुलिस टीम द्वारा आंवला चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान आंवला से गुड़गांव जा रही रमन बस सर्विस को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के रुकने के संकेत के बावजूद



चालक बस लेकर आगे बढ़ने लगा, जिस पर टीम ने पीछा कर बस को रुकवाया और जांच की। जांच में सामने आया कि बस लंबे समय से नियमों की अनदेखी कर संचालित की जा रही थी। बस में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री बैठे मिले, जबकि यात्रियों की कोई पैसेंजर सूची उपलब्ध नहीं थी।इसके अलावा सड़क सुरक्षा के लिए अनिवार्य रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप भी बस पर नहीं लगाया गया था, जो गंभीर लापरवाही मानी गई। इन अनियमितताओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने बस को तत्काल सीज कर मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया। साथ ही वाहन स्वामी पर करीब 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। पीटीआई होरीलाल वर्मा ने बताया कि जिले में डग्गामार और नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्री वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हाल ही में ओवरलोडिंग और अन्य अनियमितताओं के चलते 8 से 10 ट्रक और बसों पर भी कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने वाहन संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाई जाए और सभी आवश्यक दस्तावेज व सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान एसआई रमेश यादव और हेड कांस्टेबल अनिल कुमार सहित पुलिस एवं परिवहन विभाग की टीम मौजूद रही।

## जनगणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं चार्ज अधिकारी कुमार संजय ने जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में डाटा सत्यापन का कार्य पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करें तथा जनगणना से संबंधित समस्त कार्यों को 5 जून तक हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। चार्ज अधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुपरवाइजरों से क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान



उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणक मुजीब मियां को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने जनपद में एक ही दिन में अपना एचएलबी (भ्स्ठ) कार्य पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेहान अहमद, शिखा गुप्ता, निधाशु, अफजाल अहमद, अजीम खान, हारुन खान, कमरुल हसन, उमेश कुमार, आरिफ रजा, महेश पाल, अलाउद्दीन शाह खान, टेक्निकल असिस्टेंट कपिल कुमार, इमरान इलाही, राजा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लहसुन-मिर्च मंडी हटाने को पुलिस बल की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी के अधिशासी अधिकारी ने बुधवार और रविवार को लगने वाली लहसुन-मिर्च मंडी को सड़क किनारे से हटाकर साप्ताहिक बाजार स्थल के अंदर स्थानांतरित कराने के लिए प्रशासन और पुलिस से सहयोग मांगा है। बताया गया है कि सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के सामने सड़क किनारे लगने वाली मंडी के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार यातायात भी बाधित हो जाता है। नगर पंचायत प्रशासन मंडी को साप्ताहिक बाजार स्थल के अंदर शिफ्ट करना चाहता है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने की आशंका जताई गई है। इसी को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रशासन द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## स्थायी ईओ की नियुक्ति की मांग तेज, डीएम को भेजा पत्र

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद में विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए स्थायी अधिशासी अधिकारी (ईओ) की नियुक्ति की मांग तेज हो गई है। भाजपा के नामित सभासद अमित चंद्रवंशी और अर्पित वशिष्ठ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत में स्थायी ईओ की तैनाती कराने की मांग उठाई है।जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में सभासदों ने कहा है कि वर्तमान में नगर पंचायत शाहबाद का कार्यभार संभाल रहे अधिशासी अधिकारी कुमार संजय के पास जिले के अन्य विभागों की भी जिम्मेदारियां हैं। अत्यधिक व्यस्तता के कारण वह शाहबाद नगर पंचायत को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं।





उनका आरोप है कि ईओ महीने में केवल एक-दो बार ही कार्यालय पहुंचते हैं, जिससे नगर पंचायत के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी हो रही है तथा कई प्रशासनिक कार्य लंबित पड़े हुए हैं। नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों को भी आवश्यक कार्यों के लिए अधिकारियों से संपर्क करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्थानीय समस्याओं के समाधान में भी विलंब हो रहा है। भाजपा नेताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर पंचायत शाहबाद में जल्द से जल्द स्थायी अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों में गति आए, प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हो और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

## सैफनी में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का आरोप, ग्रामीण ने डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के स्थायी निवासी राजम. ेलाल पुत्र ईश्वरी सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर गांव की सरक. ारी जमीनों पर कथित अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने 25 अक्टूबर, 5 दिसंबर और 16 दिसंबर 2025 को भी जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के अनुसार गांव की खसरा संख्या 224, 277, 282, 283, 284, 294 और 311 समेत कई सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए गए हैं। आरोप है कि तालाब, स्कूल मार्ग, जलमग्न भूमि और सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं। इसके अलावा गांव के मुख्य मार्ग पर भी अतिक्रमण कर दुकानें बना दी गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीण का कहना है कि सड़क पर लगाए गए अवैध अवरोधकों के कारण आए दिन बच्चे और राहगीर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कब्जाधारियों के प्रभाव के चलते अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी। लगातार शिकायतों के बाद राजस्व विभाग की टीम कानूनगो और लेखपाल के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने विवादित भूमि की पैमाइश कर चूना और निशान लगाकर सरकारी जमीन को चिह्नित किया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## शादी समारोह में खूनी संघर्ष, युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के गांव मडैयान गौर में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने दो भाइयों के साथ मारपीट कर उनमें से एक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।गांव मडैयान गौर निवासी अल्ताफ हुसैन पुत्र नूर नवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार शाम करीब 8:30 बजे गांव में एक शादी समारोह चल रहा था। उनके पुत्र मोहम्मद जुनैद और मोहम्मद तौहीद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। आरोप है कि उसी दौरान गांव का ही आशिक नेता पुत्र अली सैन वहां पहुंचा और दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज करने लगा।विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से दोनों भाइयों की बेरहमी से पिटाई कर दी। शिकायत के अनुसार, मारपीट के दौरान आरोपी ने धारदार चाकू से हमला कर मोहम्मद जुनैद को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि मोहम्मद तौहीद को भी चोटें आईं। दोनों भाई किसी तरह मौके से जान बचाकर भाग निकले। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत में आरोपी को



दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।पुलिस ने मामले की शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवकों का चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला चिकित्सालय में किया गया विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत आज तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जिला चिकित्सालय रामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. सक्सेना द्वारा हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य




कर्मचारियों, मरीजों एवं उनके परि. जनों ने हस्ताक्षर कर अपने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने तथा जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत कोटपा अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल जुर्माना की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए तंबाकू से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में चिकित्सालय के चिकित्सकगण, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुले रीबोर में गिरी गाय को पुलिस ने सकुशल निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम चकरपुर भूड़ में एक गौ माता खुले पड़े रीबोर में गिर गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के दौरान कांस्टेबल अनिल कुमार रीबोर के अंदर उतरे और रस्सी की मदद से गौ माता को बांधा, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने रीबोर स्वामी को तत्काल रीबोर बंद कराने के निर्देश दिए और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस सराहनीय कार्य में हल्का इंचार्ज अंकित कुमार, एसआई नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मोहम्मद ओवैस,



कांस्टेबल नीरज चौधरी व अनिल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की तत्परता की ग्रामीणों ने सराहना की।

# विशेष आयुष्मान कार्ड अभियान में रामपुर बना प्रदेश में नंबर-1, 16,526 कार्ड बनाकर हासिल किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान (15 मई से 31 मई 2026) में रामपुर जनपद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभियान के दौरान जनपद में 16,526 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे रामपुर ने प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। इस उपलब्धि का श्रेय जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के प्रभावी नेतृत्व, नियमित मॉनिटरिंग और सुनियोजित कार्ययोजना को दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की नि:शुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ना था, जिसमें जनपद ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान को सफल




बनाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, ग्राम पंचायतों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजना की जानकारी देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत 31 मई 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 86.50 प्रतिशत पात्र परिवारों तथा 60.93 प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और जमीनी स्तर पर प्रभावी



अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर

क्रियान्वयन का परिणाम मानी जा रही है। रामपुर की इस सफलता को प्रदेश के लिए एक मिसाल माना जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि शेष पात्र परिवारों तक भी योजना का लाभ पहुंचाया जा सके और कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से वंचित न रहे।

# हत्या व लूटकांड का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना सैफनी पुलिस ने हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का सफल अनावरण करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल, हत्या में प्रयुक्त चाकू, रक्तरंजित कपड़े, लूट की रकम, आभूषण और बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 26 मई 2026 को एक व्यक्ति ने थाना सैफनी में तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र की गला काटकर हत्या कर दी गई है। इस संबंध में थाना सैफनी पर मुकदमा संख्या 103/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 309(6) और 317(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई तथा दानिश, मोहसीम और कासिम के नाम प्रकाश में आए। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन, अपर पुलिस



अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी शाहबाद के पर्यवेक्षण में थाना सैफनी पुलिस और सर्विलांस टीम ने सोमवार को मझरा घाट गंगा तिराहे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दानिश पुत्र जाकिर हुसैन निवासी मोहल्ला कादरी, मो. हसीम पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी जटपुरा तथा कासिम पुत्र लाल मोहम्मद निवासी गुलाबनगर थाना सैफनी शामिल हैं। पुलिस ने दानिश के कब्जे से एक सोने की चौन, एक अंगूठी, तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की। वहीं आरोपियों की निशानदेही पर जंगल खनुपुरा से घटना में प्रयुक्त चाकू, रक्तरंजित कमीज, गमछा तथा मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके



मृतक नईम का फाइल फोटो

अलावा मोहसीम के घर से 37 हजार रुपये और कासिम के घर से 55 हजार रुपये की लूट की रकम बरामद की गई। पुलिस ने कुल 92 हजार रुपये नकद, आभूषण, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल तथा अन्य साक्ष्य बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफलता में थाना सैफनी पुलिस टीम और सर्विलांस सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। अज्ञात बाइक चालक की टक्कर से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही जान चली गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम बांकराबाद निवासी 50 वर्षीय भगवानदास राजमिस्त्री का कार्य करते थे।

उनके पुत्र संजय की ससुराल ग्राम किरा में है, जहां मकान निर्माण का काम चल रहा है। सोमवार को भगवानदास निर्माण कार्य के सिलसिले में किरा गए थे। रात करीब आठ बजे वह अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कुंदनपुर गांव के पास पीछे से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि



भगवानदास सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया। पुलिस अज्ञात बाइक चालक की तलाश में जुटी है। मृतक अपने पीछे पत्नी, चार बेटे और दो बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# मैरिज हॉल के तीन जनरेटरों से अल्टीनेटर चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव में चोरों ने एक मैरिज हॉल को निशाना बनाते हुए तीन जनरेटरों के अल्टीनेटर चोरी कर लिए। घटना के बाद मैरिज हॉल संचालक ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। धमोरा गांव निवासी मोईन खान का हाईवे किनारे एस.के. मैरिज हॉल के नाम से बारातघर संचालित है। वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन होने के कारण बारातघर का नियमित उपयोग किया जा रहा है। बताया जाता है कि 22 मई की रात मोईन खान रोज की तरह मैरिज हॉल बंद कर अपने घर सोने चले गए। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर मैरिज हॉल की दीवार फांदकर परिसर में घुस गए। चोरों ने वहां खड़े तीन जनरेटरों को निशाना बनाया और उनके अल्टीनेटर खोलकर चोरी कर लिए। सुबह जब मोईन खान मैरिज हॉल पहुंचे तो



जनरेटरों से अल्टीनेटर गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने अपने स्तर से चोरी गए सामान की तलाश शुरू की और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। करीब आठ दिन तक खोजबीन करने के बाद उन्होंने धमोरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर घटना की सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में हुई इस चोरी की घटना से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# नगर पंचायत बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

**(मो.फारूख अंसारी)**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में मंगलवार अपराह्न आयोजित बोर्ड बैठक में नगर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी आशुतोष सिंह की उपस्थिति में बैठक का संचालन हुआ। बैठक में मुख्य मार्ग पर मंडी और साप्ताहिक बाजार लगने से उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्या के स्थायी समाधान के लिए बाजार और मंडी को नगर पंचायत कार्यालय परिसर के पीछे स्थित इंटर कॉलेज की रिक्त भूमि पर



स्थानांतरित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके अलावा मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटवाने, नाले-नालियों की मरम्मत कराने, खराब हैंडपंपों को दुरुस्त कराने तथा नगर क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटें लगाने के प्रस्ताव भी पास किए गए। लाइटों के लिए आवश्यक विद्युत तार एवं अन्य सामग्री क्रय करने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में उपस्थित सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को गति देने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। सभी प्रस्तावों को उपस्थित सभासदों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

# बड़े मंगलवार पर सुंदरकांड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ, रामपुर के तत्वावधान में श्री दत्त राम शिवालय मंदिर वाली गली में सुंदरकांड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी के स्मरण के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के पाठ से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया और जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया। आरती के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सभी के सुख-समृद्धि की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

# भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी डॉ.हरी सिंह ढिल्लों का मिलक में स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** धर्मपुरा बाईपास पर शिक्षक विधायक/बीजेपी प्रत्याशी डॉक्टर हरी सिंह ढिल्लों जी का मिलक पहुंचने पर धर्मपुरा बाईपास पर जोरदार स्वागत किया।

सभी कार्यकर्ताओ ने उन्हें फिर से प्रत्याशी घोषित होने पर उनको बधाई दी और उनका फूल मालाओ से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे मिलक से बहुत अधिक प्यार और सहयोग मिला है मैं इसका हर बार ऋणी रहूंगा। उन्होंने अपील की जिस तरह पिछली बार आप सब ने मिलकर मेरे को विजय बनकर बीजेपी को मजबूत किया था आप सब फिर वही करेंगे। मैं आपके सेवा में सदैव रहूँगा। ये मेरा आप सब लोगो से वादा है।

इस मोके पर ड़ा प्रखर वशिष्ठ, निर्भय सिंह, नरेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, रामवीर सिंह शिवदयाल, मोनू, राजीव चौधरी, आशीष गंगवार, अरविंदर सिंह, रणजीत सिंह आदि थे।

# नगर पंचायत बोर्ड बैठक का सात सभासदों ने किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में विकास कार्यों को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर सामने आया। मंगलवार को आयोजित नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का सात सभासदों ने बहिष्कार कर नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। सभासदों ने जिलाधिकारी रामपुर और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष की मनमानी और हठधर्मी के कारण पिछले करीब तीन वर्षों से विकास कार्य प्रभावित हैं। उनका कहना है कि अधिकांश वार्डों में मूलभूत समस्याएं आज भी बनी हुई हैं, लेकिन उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। आरोप है कि अध्यक्ष सभासदों की बातों को नजरअंदाज कर एकतरफा निर्णय ले रहे हैं, जिससे बोर्ड बैठकों में लगातार गतिरोध बना हुआ है। सभासदों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी कई बार बोर्ड बैठकों का बहिष्कार किया जा



चुका है, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मंगलवार को आयोजित बैठक में भी सात सभासद शामिल नहीं हुए और बैठक का बहिष्कार करते हुए अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्ड विकास कार्यों से वंचित हैं और नगर का विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि मंडलायुक्त मुरादाबाद और जिलाधिकारी रामपुर को भी भेजी गई है। ज्ञापन पर सभासद अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रा, साहिबे नूर, इरशाद अंसारी, भगवती प्रसाद, कुलदीप सिंह और उवेश के हस्ताक्षर हैं।

# कमोरा में जय दुर्गे मां की प्राण प्रतिष्ठा, श्रद्धा के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**(हामिद रज़ा खॉ)**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के कमोरा गांव में जय दुर्गे मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव स्थित शिव मंदिर से हुआ, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों से होती हुई होली चौराहे तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ सहभागिता की। सिर पर कलश धारण कर महिलाओं ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी की गई, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत मिली। बच्चों ने भी ठंडे पानी और अन्य व्यवस्थाओं का आनंद लिया। यात्रा के समापन के बाद जय दुर्गे मां की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर गांव में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में दिनेश कश्यप, रेलवे अधिकारी राज वर्मा, हरपाल लोधी, रवि रस्तोगी, शीशपाल सैनी, मनोज लोधी, रोहित, चंद्रसेन लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



# साइकिल चलाना मस्तिष्क और शरीर दोनों के लिए लाभकारी, शिक्षक चिरंजीव कुमार बने प्रेरणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गर्मियों की छुट्टियों में साइकिल से ही विद्यालय जाकर पेड़ पौधों की करते हैं देखभाल साइकिल चलाना अपने आप में ही एक संपूर्ण व्यायाम है जो कि व्यक्ति को सभी प्रकार की बीमारियों से दूर रखने में सहायक होता है। और साइकिल चलाने से शरीर का इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है। कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षक चिरंजीव कुमार बताते हैं कि वह पिछले 16 वर्षों से लगातार साइकिल चला कर विद्यालय जा रहे हैं। साइकिल चलाने की प्रेरणा उन्हें अपने पिताजी से मिली थी जिन्होंने पूरे जीवन सिर्फ साइकिल ही चलाई। हालांकि उनके परिवार में कई स्कूटर, मोटरसाइकिल से लेकर कार तक है, लेकिन साइकिल के प्रति उनका प्रेम जग जाहिर है। सोशल मीडिया पर उनकी साइकिल की कई रील लोगों को साइकिल चलाने की प्रेरणा देती है। विद्यालय के अलावा बाजार आदि भी वह साइकिल से ही जाया करते हैं। कहीं जल्दी जाना होता है तभी वह वाहन का प्रयोग करते हैं। इन दिनों जब विद्यालय की छुट्टियां चल रही हैं तो वह गर्मी की छुट्टियों में रोज सुबह साइकिल से ही विद्यालय जाते हैं और विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधों की देखभाल व पानी लगाने आदि का कार्य निपटाकर घर वापस आते हैं। उनका मानना है कि साइकिल एक तरह का संपूर्ण व्यायाम है। साइकिल चलाने वाले को अन्य व्यायाम की जरूरत कम ही पड़ती है। और इससे शरीर का इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया है कि साइक्लिंग मस्तिष्क स्वास्थ्य, मनोदशा और सामाजिक संबंधों को बेहतर बनाने समेत समग्र कल्याण में सुधार के लिए सुलभ उपकरण हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों और कम शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने के लिए हम कम लागत वाले प्रभावी तरीकों की पहचान करना महत्वपूर्ण है विश्लेषण ने साइकलिंग को प्रतिक्रिया समय, ध्यान केंद्रित करने और संज्ञानात्मक प्रदर्शन से संबंधित मस्तिष्क के कार्य के संकेतको में सुधार से भी जोड़ा परिणाम बताते हैं कि साइकिलिंग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसमें बेहतर मूड, अवसाद के लक्षणों में कमी, सामाजिक संबंधों में वृद्धि आदि शामिल है।



# ओपनिंग में सूर्यवंशी के साथ कोहली

■ एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज से 44 रन ज्यादा बनाए



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। उनके साथ ओपनिंग में उनका जोघेदार विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की रन मशीन विराट कोहली को बनाया गया है।

टीम ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी :पारियां 16 (रन 776) स्ट्राइक रेट 237.30 औसत 48-50 (1ग100/ 5ग50 टीम में चुनने के लिए इससे आसान घ्सिला शायद ही कोई और हो सकता था। एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, वैभव सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबा से 44 रन घ्डादा बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 पॉइंट बेहतर था और उन्होंने दूसरों के मुकाबले 29 छक्के ज्यादा लगाए। रन और रफ्तार की गिनती तो देख ली, अब घ्रा खेल की क्वालिटी भी देखिए: चैंपियन टीम के खिलाफ 202 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए, सिर्फ 36 गें. दों में शतक जमाया, करो या मरो वाले एक बेहद जरूरी मैच में 221 रनों का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए, अपने पहले प्लेऑफ मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली और फिर क्वालीफायर 2 में जहां एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, वहां उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। उम्र चाहे जो भी हो और मंच चाहे जितना बड़ा, यह वाकई हैरान कर देने वाला प्रदर्शन है। विराट को. हली: पारियां 16 (रन 675) स्ट्राइक रेट 165-84 औसत 56-25 1ग100/5ग50 उम्र और तघ्र्बे के दूसरे छोर पर खड़े विराट कोहली ने एक बार फिर अपना वही पुराना अंदाघ् दिखाया जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए।

लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि उन्होंने अपना एक ऐसा रूप दिखाया जो पहले कभी नहीं देखा गया था: धीमे खेल की जगह उन्होंने तूफानी रफ्तार को चुना, लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने की कोशिश की और पावरप्ले में विरोधी टीम पर हावी रहे। इस सीजन में जहां पावरप्ले जीतना सबसे अहम था, कोहली ने पहले छह ओवरों में 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौर में 200 से घ्डादा रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाघें में से सिर्घ् पांच ही उनसे बेहतर कर पाए। सीजन का आघ्रिी मैच उन्होंने आईपीएल में अपने सबसे तेज अर्धशतक के साथ घ्त्म किया।

वह आईपीएल में 77 बार 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। और हां, वह 37 साल के हैं। इशान किशन (विकेटकीपर) :पारियां 15 ( रन 602) स्ट्राइक रेट 182-42 ( औसत 40-13) 6ग50 द्य कैच/स्टंप 9/1 रजत पाटीदार (कप्तान) : पारियां 15 (रन 501) स्ट्राइक रेट 192.69 (औसत 41-75) 5ग50 हेनरिक क्लासेन पारियां 15 ( रन 624 (स्ट्राइक रेट 160-00 ( औसत 48-00 (6ग50 नीतीश कुमार रेड्डी : मैच 14) रन 302 ( स्ट्राइक रेट 171-59 (विकेट 8 ( इकॉनमी 10-41 क्रुणाल पंड्या : मैच 16 ( रन 226 (स्ट्राइक रेट 145-80) विकेट 14 (इकॉनमी 8-41 सुनील नारायण : मैच 13 (विकेट 15 (इकॉनमी 6-64 ( औसत 22.60 जोफ्रा आर्चर : मैच 16 ( विकेट 25 (इकॉनमी 9.31 (औसत 22-36 भुवनेश्वर कुमार : मैच 16 (विकेट 28 (इकॉनमी 7.95 (औसत 17-89 कगिसो रबाडा : मैच 17 (विकेट 29) इकॉनमी 9-68 ( औसत 21-58 साकिब हुसैन : मैच 11 ( विकेट 15 ( इकॉनमी 9-45 ( औसत 26-46 आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुका, प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद मथुरा।

## श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** भारत के श्रीराम बालाजी और उनके ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर ने सोमवार को फेंच ओपन के मेन्स डबल्स क्वार्टर-फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।

उन्होंने जर्मनी के छठी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी को हराया। इस साल रौलां गैरो में बिना किसी वरीयता के खेल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी और मार्सेलो डेमोलिनर की जोड़ी ने, राउंड ऑफ 16 के मैच में जर्मनी के दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं को हराने में 1 घंटा 25 मिनट का समय लिया। उन्होंने 7-5, 6-4 से यह उलटफेर भरी जीत हासिल की। जर्मनी की अनुभवी टेनिस जोड़ी पर मिली इस जीत के साथ ही, 36 साल के श्रीराम बालाजी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी की यह जोड़ी पिछले महीने मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतकर पेरिस पहुंची थी। सेमी-फाइनल में जगह बनाने के लिए, भारत-ब्राजील की यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फनिलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले सेट के दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद बालाजी और डेमोलिनर पर शुरुआत में ही दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने अगले ही गेम में विरोधी की सर्विस तोड़कर तुरंत वापसी की। जब सेट 5.5 की बराबरी पर था, तब बालाजी और डेमोलिनर ने 11वें गेम में निर्णायक बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए पहला सेट 7.5 से जीत लिया।

खेल विशेष

## अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी सहित छह खिलाड़ियों को बुलाया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आकिब नबी, जो अफगानिस्तान टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए थे, उन छह गेंदबाजों में से एक हैं जो नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़े हैं। ए गेंदबाज 6 जून से मुल्लांपुर में होने वाले मैच की तैयारी में टीम की मदद करेंगे। चुने गए नेट बॉलर: आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिंस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार। नबी के अलावा, इस लिस्ट में दो और तेज गेंदबाज हैं, युवा और प्रभावशाली प्रिंस यादव और तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह। प्रिंस, जिन्होंने आईपीएल में तेजी से अपना नाम बनाया है, इस एकमात्र टेस्ट के बाद होने वाले वनडे मैचों के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्पिन गेंदबाजों में, ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के पास काफी अनुभव है। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में, उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 52 मैचों में 181 विकेट लिए हैं। उनके एमपी के साथी खिलाड़ी, जिन्होंने अभी तक घरेलू क्रिकेट में रेड-बॉल (टेस्ट) डेब्यू नहीं किया है।

## श्रीराम फाइनेंस ने पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ साझेदारी की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता।** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के साथ प्रेजेंटिग प्रायोजक के रूप में अपनी साझेदारी की घोणा की। इस सहयोग की घोणा श्रीराम फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन उमेश रेवंकर और भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएसबी के संस्थापक पद्मश्री प्रकाश पादुकोण ने बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में की। इस साझेदारी के माध्यम से एसएफएल वित्तीय समावेशन और सामुदायिक विकास के जरिए राट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। अब यह प्रतिबद्धता खेल और देशभर की जमीनी स्तर की प्रतिभाओं तक भी विस्तारित होगी। इस सहयोग के तहत भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। इस पहल का उद्देश्य देशभर में विभिन्न आयु वर्गों और उभरते खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर पर संरचित बैडमिंटन प्रशिक्षण की पहुंच को और मजबूत करना है। साझेदारी की प्रमुख विशोताएं नेमिग राइट्स: भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पाद. कोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। अपैरल स्पॉन्सरशिप: पीएसबी अकादमियों में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के बीच 2,000 से अधिक ब्रांडेड टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

# भारत के विजय शंकर एलपीएल में डेब्यू के लिए तैयार

■ वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे




**कोलंबो, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें कैंडी रॉयल्स ने साइन किया है। वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे, जब फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के लिए अपनी टीमें पूरी कर लीं।

17 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले हुए ड्राफ्ट में, सभी पांचों फेंचाइजी ने जाने-माने इंटरनेशनल सितारों, उभरते हुए विदेशी टैलेंट और श्रीलंका के प्रमुख क्रिकेटरों के मिश्रण से अपनी टीमों को मजबूत किया। इससे लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी सीजन में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। एलपीएल 2026 ड्राफ्ट में पहली कुल मिलाकर पिक का अधिकार रखने वाली मौजूदा चैंपियन एससी जाफना किंग्स ने श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो को नम्बर 1 पिक के तौर पर चुनकर प्रक्रिया की शुरुआत की। किंग्स ने अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वीस, अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान और नेपाल के लेग-स्पिनर संदीप लामिछाने को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। ए खिलाड़ी डुनिथ वेलालगे और भानुका राजपक्षे जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि फेंचाइजी अपने खिताब का बचाव करना चाहती है और प्रतियोगिता में अपनी सफल दौड़ को आगे बढ़ाना चाहती है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए चर्चा का सबसे बड़ा विाय विजय शंकर की भागीदारी होगी, जिन्होंने 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह अनुभवी ऑलराउंडर कैंडी रॉयल्स की एक मजबूत टीम में शामिल हो रहा है, जिसमें मोईन अली, वानिदु हसरंगा और एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स ने ड्राफ्ट के जरिए रहमानुल्लाह गुरबाज, डैनियल सैम्स, कुसल परेरा और नुवान तुाारा को शामिल करके अपनी लाइन-अप को और मजबूत किया। दूसरी ओर, कोलंबो कैप्स ने इंटरनेशनल खिलाड़ी मुजीब उर रहमान को शामिल करके अपनी लाइन-अप को मजबूत किया, जो उनके आइकॉन खिलाड़ियों जिमी नीशम, कुसल मेंडिस और कामिदु मेंडिस के पूरक के तौर पर काम करेंगे। दंबुला सिक्सर्स ने अपने साथ महेश थीक्षाना और फजलहक फारूकी जैसे साबित हो चुके मैच-विनर्स को जोड़ा है, साथ ही दिनेश चांदीमल और दुमंथा चमीरा जैसे बड़े नामों को भी शामिल किया है। वहीं, गाले गैलेंट्स ने अपनी टीम को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन के साथ और मजबूत किया है, ए दोनों नए सीजन से पहले दासुन शनाका और ईशान मलिगा जैसे बड़े नामों के साथ टीम में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के इस ड्राफ्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी दिलचस्पी जगाई है, जिसमें 21 देशों के 650 से ज्यादा विदेशी क्रिकेटरों ने चयन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह इस बात को दिखाता है कि लंका प्रीमियर लीग की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी टी 20 प्रतियोगिताओं में से एक के तौर पर उभर रही है। लंका प्रीमियर लीग के छठे संस्करण में एससी जाफना किंग्स, कैंडी रॉयल्स, कोलंबो कैप्स, दंबुला सिक्सर्स और गाले गैलेंट्स की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 जुलाई, 2026 को होगी और इसका समापन 8 अगस्त, 2026 को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के साथ होगा। ओसाका को हराकर सबालेंका क्वार्टरफाइनल में पेरिस। शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला सिगल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की नाओमी ओसाका को हराया, जबकि तीन इताल. वी खिलाड़ी पुरु सिगल्स के अंतिम आठ में पहुंच गए।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया

■ डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया



**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड पर उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं।

यह कार्रवाई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट के किसी अन्य उपकरण, जैसे पानी की बोतल) फेंकने से संबंधित है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में हुई, जब एक विकेट गिरने के बाद, डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से एक आइस बैग फेंका। डेविड ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी, जवागल श्रीनाथ द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया। यह इस सीजन में डेविड का तीसरा लेवल 1 का अपराध था( उन्होंने अपना पहला अपराध मैच 20 (एक डिमेरिट पॉइंट) में और दूसरा अपराध मैच 54 (दो डिमेरिट पॉइंट) में किया था।

# रजत पाटीदार का सामना माधव तिवारी से

**इंदौर, वार्ता।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजनों में से एक आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप के नए सीजन का इंतजार अब लगभग खत्म हो चुका है। 3 जून से ऐतिहासिक होलकर स्टेडियम में शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इंदौर में उत्साह का माहौल है। राज्य भर की शीर्ा क्रिकेट प्रतिभाएं आने वाले हफ्तों में रोमांचक मुकाबलों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में अनुभवी ग्वालियर चीताज का सामना नई टीम उज्जैन फाल्कन्स से होगा। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगी, ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले की उम्मीद है। ग्वालियर चीताज को दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान रजत पाटीदार की मौजूदगी से मजबूती मिलेगी, जबकि उज्जैन फाल्कन्स के पास युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर माधव तिवारी होंगे, जिन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्वालियर चीताज के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान में उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े सुनील धोलपुरे ने मध्य प्रदेश लीग को युवा क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा, एमपीएल ने युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है। पहले खिलाड़ियों को क्लब क्रिकेट, जिला टूर्नामेंट, संभागीय प्रतियोगिताओं और राज्य स्तरीय कैंपों से होकर गुजरना पड़ता था, तब जाकर उन्हें पहचान मिलती थी। एमपीएल ने इस प्रक्रिया को बदल दिया है और खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है, जहां वे दबाव की परिस्थितियों में चयनकर्ताओं, स्काउट्स और फेंच. इजी टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने और अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा कि, हम अपनी टीम में माधव तिवारी जैसे खिलाड़ी को पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और कम उम्र में ही अपनी शानदार क्षमता का परिचय दिया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह एमपीएल में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखेंगे और इस सीजन टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## साईराज बहुतुले भारतीय टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हुए

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले, न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले, पुरुों की टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हो गए हैं। 53 साल के बहुतुले व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे।




बहुतुले का सबसे हालिया कार्यकाल आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ था, जहां उन्होंने स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर काम किया था। इससे पहले, वह केरल और बंगाल की पुरुों की टीमों के साथ भी रह चुके हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में शामिल होने से पहले, 2018 से 2021 तक वह राजस्थान रॉयल्स के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा थे। जब राहुल द्रविड़ हेड कोच थे, तब उन्होंने इंडिया 'ए' के असाइनमेंट और भारत की कुछ सीरीज के लिए सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम किया था, इसके बाद आईपीएल 2025 में वह एक और साल के लिए आरआर के साथ जुड़ गए थे। बहुतुले का इंटरनेशनल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा, उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों के दौरान, उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा: लगभग 20 साल लंबे अपने करियर में, उन्होंने 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और 143 लिस्ट 'ए' मैचों में अपनी लेग-स्पिन गेंदबाजी से 197 विकेट लिए। बहुतुले भारत के उस सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें अभी कोई स्पिन-बॉलिंग कोच मौजूद नहीं है।

# सोबो मुंबई फाल्कन्स की टी-20 मुंबई महिला लीग में पहली ऐतिहासिक जीत

■ भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया

**मुंबई, वार्ता।** मंगलवार को मुंबई क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया, जब वानखेड़े स्टेडियम में पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग शुरू हुई।

भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया, उनकी टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ठाणे स्काई राइजर्स को 16 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओपनर मानसी पाटिल (46) ने लगातार अंतराल पर अपने साथियों के विकेट गिरने के बावजूद ठाणे स्काई राइजर्स के लिए जीत की उम्मीदें बनाए रखीं। महक पोकर (23, रिटायर्ड हर्ट) और साइमा ठाकोर (29) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं, वहीं, सतघरे की शानदार अगुवाई में फाल्कन्स के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के आखिरी पलों में, विकेटकीपर खुशी भाटिया ने सिर्फ 16 गेंदों में 28 रनों की जुझारू पारी खेली और गेंद को जोरदार तरीके से हिट करते हुए ठाणे की उम्मीदों को जिदा रखा। हालांकि, 19वें ओवर में उनके आउट होते ही स्काई राइजर्स की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं और मैच पूरी तरह से फाल्कन्स के पक्ष में चला गया। इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स कप्तान साइमा ठाकोर की शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। साइमा ने टूर्नामेंट की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर इतिहास रचा था और उसी ओवर में एक और विकेट भी चटकाया था। नौ कैच छूटने की गलतियों का फायदा उठाते हुए, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने हली गाला (45 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मैच में वापसी की( उन्हें रिया चौधरी (43), सिमरन शेख (30) और सारिका कोली (26) का भी अहम सहयोग मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 20 ओव. रों में 173/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सोमवार को खेले गए पुरुों के टूर्नामेंट के पहले दिन, आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच 'सुपर ओवर' में जाकर तय हुआ, जिसमें सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम ने बाजी मारी। जब दोनों टीमों ने अपने-अपने 20 ओवरों के आखिर में एक जैसा 165 का स्कोर बनाया, तो मैच सुपर ओवर में चला गया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles


# फिर बढ़ेगी महंगाई

केंद्र सरकार महंगाई रोकने में लगातार विफल होती आ रही है, जिसका असर आम आदमी पर हो रहा है, लेकिन अभी पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि होने वाली है, जिसके कारण आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है, जिससे अब लोगों की जेबें और खाली हो जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह सब कुछ अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण है, लेकिन जनता का मानना है कि यह सब कुछ सरकारी दावे हैं, जिसके सापेक्ष देश में महंगाई नहीं बढ़नी चाहिए थी। सरकार ने पिछले महीने में तीन बार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए, जिसके कारण देश के लोगों ने अपने वाहन न निकालकर अन्य साधनों का प्रयोग शुरू कर दिया है। परंतु एक रिपोर्ट में फिर से पेट्रोलिय पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, जो लोगों को परेशान करने वाली होगी। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं, तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल का कहना है कि इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं, तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कि ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है। इससे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। देश में करीब 71 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क मार्ग के जरिये ही होती है। ढुलाई लागत बढ़ने से दूधा, फल, दालें, चाय-काफी, मसाले, अंडे, मांस और मछली जैसे खाद्य उत्पादों की कीमतों में तेजी आ सकती है, क्योंकि ये बड़े पैमाने पर परिवहन नेटवर्क पर निर्भर हैं। कपड़ा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, लकड़ी उत्पाद, सीमेंट और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में भी लागत बढ़ेगी।रसायन, कोयला और धातु क्षेत्र भी महंगाई की चपेट में आएंगे। ऐसी स्थिति में कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं या उत्पाद की मात्रा में कटौती कर सकती हैं। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऊंची ऊर्जा लागत के असर को यह पूरी तरह संतुलित नहीं कर पाएगी। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कच्चे तेल की औसत कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो पूरे वर्ष के अनुमान 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है।

## सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती



बदमाशों द्वारा मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है, अत्यंत दु:खद और चिंताजनक इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी, अनुष्का की आखिरी गति. विधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं, इस तरह के घटनाक्रम न केवल पुलिस- प्रशासन के लिए चेतावनी होते हैं, अपितु सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती के समान हैं।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**


( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )


# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था



**योगेश कुमार गोयल**



**जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी।**

भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है, बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है।

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, यह घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए, तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, यह सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है। भारत की परीक्षा प्रणाली का ढांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रूपए का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है। यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, यह सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है। तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है। इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास।

# आर्थिक संकट की चुनौतियों का सामना करता प्रिंट मीडिया

**प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है।**



**शिबली रामपुरी**

प्रिंट मीडिया आज आर्थिक संकट के दौर से बुरी तरह से गुजर रहा है और अब प्रिंट मीडिया में काम करने वाले बहुत सारे तजुर्बेकर पत्रकारों की नौकरी जा चुकी है और कुछ की नौकरी कभी भी जा सकती है क्योंकि अब प्रिंट मीडिया में चाहे कोई अखबार छोटा हो या बड़ा हो हर किसी के सामने आर्थिक तौर पर एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। इस संकट से अगर कोई प्रिंट मीडिया को निकाल सकता है तो वह है हमारी सरकार।

जब तक सरकार प्रिंट मीडिया पर गंभीरता से ध्यान नहीं देगी तब तक प्रिंट मीडिया की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों के सामने रोजी रोटी का ऐसा संकट खड़ा है कि अधि. कतर पत्रकार भारी परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। प्रिंट मीडिया में अंग्रेजी से लेकर हिंदी और उर्दू तीनों शामिल हैं और सबसे अधिक परेशानी हिंदी और उर्दू प्रिंट मीडिया के सामने खड़ी हो चुकी है। उर्दू अखबारों में तो अब चंद ही अखबार ऐसे हैं जो नियमित प्रकाशित हो रहे हैं अधिकतर समाचार पत्र आर्थिक संकट से खुद को बाहर निकालने में असफल रहे और आखिरकार वो अखबार बंद हो चुके हैं और उनसे जुड़े पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अखबार बंद होने के बाद उन पत्रकारों को अपना घर परिवार चलाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। प्रिंट मीडिया के दौर में अंग्रेजी अखबारों की स्थिति अभी तक फिर भी कुछ सही मानी जा सकती है लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि अंग्रेजी प्रिंट मीडिया की स्थिति पहले जैसी तो बिल्कुल नहीं रही है वरना अंग्रेजी मीडिया का एक सुनहरा दौर हुआ करता था, लेकिन अब उसमें काफी कमी आ चुकी है। प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है क्योंकि प्रिंट मीडिया का अधि. कतर दारोमदार सरकार की नीतियों पर है और सरकार को नीतियों को आसान बनाने की जरूरत है। आपने देखा होगा कि किस तरह से प्रिंट मीडिया से नौकरी जाने के बाद कई पत्रकारों ने यूट्यूब चैनल पर काम करना शुरू कर दिया और वहां पर भी काफी संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उनको डिजिटल मीडिया का इतना अनुभव नहीं है तो उनके सामने यहां भी काफी चुनौतियां हैं हालांकि



कुछ पत्रकार डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी अच्छा काम भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे पत्रकारों की गिनती काफी कम है। ऐसे हालात को देखते हुए अब केंद्र सरकार से ही प्रिंट मीडिया को उम्मीद रह जाती है कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि जिससे प्रिंट मीडिया का वजूद खतरे में ना पड़े और प्रिंट मीडिया का वह सुनहरा दौर फिर से लौट आए कि जब प्रिंट मीडिया भी आकर्षण का एक केंद्र ना सिर्फ हुआ करता था बल्कि इसमें रोजगार के बहुत सारे अवसर भी पर्याप्त होते थे। युवाओं की एक बड़ी आबादी पढ़ लिखकर प्रिंट मीडिया में जाना चाहती थी और अपना भविष्य उज्जवल बनाने का एक बेहतरीन माध्यम प्रिंट मीडिया माना जाता था मगर बदलते वक्त के साथ अब सब कुछ बदल चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर 'दो कौड़ी' का तंज

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।




जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुंचाया, जिनकी पहुंच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है। जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुंची। जहां कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रूपए तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालांकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं,

**यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।**

लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में



**प्रो. आर.के. जैन**

गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्ईकरण की मिसाल प्रतीत होता है। वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात हैय ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव हैय इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

